तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

E-mail: tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web: www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,बुधवार 29 अप्रैल 2026 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष -42 ■ अंक-031 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 30 अप्रैल 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

छत्तीसगढ़ शहरी गैस वितरण नीति मंजूर

मंत्रिपरिषद की बैठक: आईपीएस पिल्ले, विज एवं मुकेश गुप्ता के संबंध में पूर्व में जारी पदावनति निरस्त

रायपुर,29 अप्रैल।

मंत्रिपरिषद ने आज ''छत्तीसगढ़ शहरी गैस वितरण नीति, 2026'' को मंजूरी प्रदान की है। इस नीति के माध्यम से प्रदेश में स्वच्छ एवं सस्ती प्राकृतिक गैस की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी और आम उपभोक्ताओं को एलपीजी की तुलना में किफायती विकल्प मिलेगा।

साथ ही इस नीति से पाइपलाइन के माध्यम से गैस की त्वरित और सुगम आपूर्ति का विस्तार होगा, जिससे शहरी क्षेत्रों में सुविधाजनक ईंधन व्यवस्था विकसित होगी। इस पहल से स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा, ईंधन उपयोग में विविधता आएगी और राज्य

में पाइपलाइन अधोसंरचना के विकास के साथ बड़े पैमाने पर निवेश एवं रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। राज्य सरकार का यह निर्णय पर्यावरण संरक्षण और जनसुविधा, दोनों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मंत्रिपरिषद द्वारा आधुनिक खेल मैदान और क्रिकेट अकादमी के निर्माण हेतु जिला क्रिकेट एसोसिएशन, राजनांदगांव को सूर्यमुखी देवी राजगामी संपदा के नाम पर दर्ज भूमि में से 5 एकड़ भूमि को रियायती दर पर आबंटित करने का निर्णय लिया गया।

मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री जी के स्वेच्छानुदान मद से 6 हजार 809 व्यक्ति एवं संस्थाओं को लगभग 11 करोड़ 98 लाख 84 हजार रुपये की जारी आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की है। यह सहायता राशि जरूरतमंदों को त्वरित राहत उपलब्ध कराने, सामाजिक सहयोग को मजबूत करने तथा विभिन्न आवश्यक परिस्थितियों में संबल प्रदान करने के उद्देश्य से दी गई है। मंत्रिपरिषद ने वर्ष 1988 बैच के तीन भारतीय पुलिस सेवा अधिकारियों श्री संजय पिल्ले, श्री आर.के. विज एवं श्री मुकेश गुप्ता के संबंध में पूर्व में जारी पदावनति आदेश दिनांक 26 सितंबर 2019 का पुनर्विलोकन करते हुए उसे निरस्त करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही, मंत्रिपरिषद ने दिनांक 24 सितंबर 2019 को लिए गए संबंधित निर्णय को अपास्त करते हुए, उस निर्णय के पालन में जारी समस्त आदेशों को बैठक से पूर्व की स्थिति में पुनर्जीवित मान्य किया है। यह निर्णय प्रशासनिक तथ्यों एवं परिस्थितियों के समग्र परीक्षण के उपरांत लिया गया है।

चिल्फी घाटी में ट्रेलर व ट्रक में टक्कर,चालक की मौत

कवर्धा,29 अप्रैल। कबीरधाम जिले के चिल्फी घाटी क्षेत्र में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। नेशनल हाईवे-30 पर बोड़ला के पास ट्रेलर और ट्रक के बीच भीषण टक्कर हो गई, जिसमें ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है की, हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही, ट्रैफिक सुचारू करने के लिए क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चिल्फी घाटी और बोड़ला क्षेत्र में कई ऐसे ब्लैक स्पॉट हैं, जहां लगातार हादसे होते रहते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन स्थानों पर पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं होने के कारण दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।

हाईकोर्ट में समर वेकेशन का ऐलान

बिलासपुर,29 अप्रैल। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने समर वेकेशन को लेकर आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। जारी नोटिफिकेशन के अनुसार 18 मई 2026 से 12 जून 2026 तक हाईकोर्ट में ग्रीष्म अवकाश रहेगा। इसके बाद 15 जून 2026 से कोर्ट पुनः नियमित रूप से खुलेगा। हालांकि अवकाश के दौरान भी जरूरी मामलों की सुनवाई जारी रहेगी। इसके लिए वेकेशन जजों की नियुक्ति की गई है, जो सुबह 10:30 बजे से कोर्ट की कार्यवाही करेंगे। आवश्यकता पड़ने पर सुनवाई का समय बढ़ाया भी जा सकता है। हाईकोर्ट द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, अवकाश के दौरान सिविल, क्रिमिनल और रिट मामलों की फाइलिंग जारी रहेगी। जमानत मामलों में अलग से अर्जेंट आवेदन की जरूरत नहीं होगी और उन्हें स्वतः सूचीबद्ध किया जाएगा। वहीं अन्य मामलों के लिए अर्जेंट हियरिंग आवेदन देना अनिवार्य रहेगा। इस दौरान रजिस्ट्री कार्यालय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहेगा, जबकि शनिवार, रविवार और शासकीय अवकाश पर बंद रहेगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वेकेशन जज 19, 21, 26 और 28 मई तथा 2, 4, 9 और 11 जून 2026 को मामलों की सुनवाई करेंगे। जो मामले निर्धारित समय पर नहीं सुने जा सकेंगे, उन्हें अगली तारीख के लिए अलग सूची में शामिल किया जाएगा। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश के निर्देश पर रजिस्ट्रार (न्यायिक) सुमित कपूर द्वारा जारी किया गया है।

इजरायल ने हिज्बुल्लाह की सुरंगें बम से कीं तबाह

यरूशलम,29 अप्रैल। दक्षिणी लेबनान में इजरायली अभियान के दौरान भीषण विस्फोट देखा गया। वीडियो में दक्षिणी लेबनान में हुए भीषण विस्फोटों को कैद किया गया है, जिसे इजरायली सेना ने हिजबुल्लाह की सुरंग पर हमला बताया है।

आसपास के इलाकों में अन्य हमले भी हुए, और इजरायली रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज ने चेतावनी दी है कि दक्षिणी लेबनान का भी वही हाल होगा जो गाजा का हुआ है। बता दें कि इजरायल और हिज्बुल्लाह में सीजफायर के बावजूद ये हमले हो रहे हैं। हिज्बुल्लाह के एक सुरंग का जो वीडियो सामने आया है वो चौंकाने वाला है। इजरायली सेना ने दावा किया है कि उसने लेबनान के अंदर जमीन के नीचे बने हिज्बुल्लाह के अंडरग्राउंड सुरंगों को तबाह कर दिया है।

12वीं में जिज्ञासू वर्मा टॉप पर

10वीं में संध्या,परीरानी व अंशुल मेरिट सूची में अव्वल

रायपुर,29 अप्रैल। छत्तीसगढ़ 12वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे जारी हो गए हैं। बलौदाबाजार जिले के सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र जिज्ञासू वर्मा ने टॉप किया है। वहीं दूसरा स्थान बेमेतरा जिले की आत्मानंद स्कूल की छात्रा ओमनी वर्मा ने हासिल किया, जबकि तीसरे स्थान पर कृष महंत रहे।

10वीं की परीक्षा में 3 छात्रों संध्या नायक, परीरानी प्रधान और अंशुल शर्मा ने टॉप किया है। तीनों को 99.00% अंक प्राप्त किए हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव की उपस्थिति में परीक्षा परिणाम जारी किए।

बता दें कि इस साल 10वीं-12वीं के टोटल 5.66 लाख स्टूडेंट्स ने बोर्ड एग्जाम दिया था। इनमें से 12वीं के 2,45,785 स्टूडेंट्स शामिल हैं। छात्र अपना रिजल्ट मंडल की वेबसाइट पर रोल नंबर डालकर सीधे देख सकते हैं। 9 वेबसाइट पर स्टूडेंट्स अपना रिजल्ट देख सकते हैं।

12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणामों का ट्रेंड बताता है कि छत्तीसगढ़ में हायर सेकेंडरी का रिजल्ट लगातार बेहतर हो रहा है। बीते चार सालों के आंकड़ों पर नजर डालें तो सफलता का ग्राफ 80 फीसदी या उससे ऊपर ही बना हुआ है, जो शिक्षा के स्तर में मजबूती का संकेत है। इस शैक्षणिक सुधार के बीच सबसे खास बात यह है कि बेटियों ने अपनी बादशाहत कायम रखी है। परिणामों के विश्लेषण से साफ है कि हर साल लड़कियों का पास प्रतिशत लड़कों की तुलना में काफी बेहतर रहा है, जिससे यह साबित होता है कि प्रदेश की छात्राएं पढ़ाई के मोर्चे पर लड़कों को लगातार पीछे छोड़ रही हैं।

टॉपर्स को मिलेंगे डेढ़-डेढ़ लाख रुपये

नतीजों की घोषणा के साथ ही मेधावी छात्रों के लिए बड़े इनाम का ऐलान किया गया है। शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने प्रदेश के सभी छात्र छात्राओं को बधाई दी है। उन्होंने 10वीं और 12वीं की मेरिट लिस्ट में स्थान बनाने वाले टॉपर्स को डेढ़-डेढ़ लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने कहा की जिन बच्चों का रिजल्ट उनके अनुरूप न आए तो निराश न हों उनके सामने अभी कई मौके मिलेंगे।

गौरतलब है कि हाई स्कूल परीक्षा की मुख्य परीक्षा 21 फरवरी 2026 से 13 मार्च 2026 तक आयोजित की गई थी, जिसमें कुल 3,20,535 छात्र शामिल हुए। इनमें 1,42,881 बालक और 1,77,654 बालिकाएं शामिल हैं। प्रदेशभर में 2,510 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। वहीं हायर सेकेंडरी परीक्षा की मुख्य परीक्षा 20 फरवरी 2026 से 18 मार्च 2026 तक आयोजित हुई, जिसमें कुल 2,45,785 छात्र शामिल हुए। इनमें 1,02,975 बालक और 1,42,810 बालिकाएं शामिल हैं। इस परीक्षा के लिए 2,395 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए थे।इस साल जिन छात्रों ने छत्तीसगढ़ बोर्ड कक्षा 10वीं, 12वीं की बोर्ड परीक्षा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी, वह आधिकारिक वेबसाइट cgbse.nic.in और results.cg.nic.in पर जाकर अपना परिणाम चेक कर सकेंगे।

दूसरे चरण के मतदान में भी बवाल

कोलकाता,29 अप्रैल। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का दूसरा चरण सात जिलों में फैले 142 निर्वाचन क्षेत्रों में चल रहा है, जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदाता मतदान करने पहुंच रहे हैं। सुचारू मतदान सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय बलों और राज्य पुलिस को सभी मतदान केंद्रों पर तैनात किया गया है। मतदान के बीच, भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के एक मतदान केंद्र पर जाने के बाद कोलकाता में तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई। इस घटना से मतदान केंद्र का माहौल कुछ समय के लिए अशांत हो गया, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने हस्तक्षेप किया।

राज्य में विपक्ष के नेता और भाबनीपुर और नंदीग्राम से भाजपा उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी मतदान के दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए एक मतदान केंद्र पर पहुंचे थे। उनके दौरे के दौरान, टीएमसी समर्थकों का एक समूह उनके चारों ओर जमा हो गया और "जय बंगाल" के नारे लगाने लगा। भीड़ ने जल्द ही उन्हें घेर लिया, जिससे मतदान केंद्र पर तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान और स्थानीय पुलिस ने स्थिति को संभालने के लिए हस्तक्षेप किया। भीड़ को तितर-बितर करने और स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए हल्का लाठीचार्ज किया गया। हस्तक्षेप के बाद, भीड़ को तितर-बितर कर दिया गया और मतदान केंद्र पर सामान्य मतदान प्रक्रिया फिर से शुरू हो गई। अधिकारियों ने बताया कि स्थिति को शीघ्र ही नियंत्रण में कर लिया गया, जिससे बिना किसी और बाधा के मतदान जारी रह सका।

बंगाल चुनाव में बंपर वोटिंग

कोलकाता,29 अप्रैल। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 142 सीटों पर सुबह 7 बजे से वोटिंग हो रही है। बंगाल चुनाव में बंपर वोटिंग हो रही है। चुनाव आयोग से मिली जानकारी के मुताबिक सुबह 11 बजे तक 39.97% मतदान हो चुका है। मतदान के लिए सुबह 5.30 बजे से ही लोग बूथों पर पहुंचने लगे थे। तेज गर्मी और कई जगहों पर बारिश होने के बावजूद ज्यादातर बूथों पर महिलाओं की लंबी लाइन लगी है।

भाजपा 5 राज्यों में बनाएगी जीत की तिकड़ी

लखनऊ,29 अप्रैल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मेरठ और प्रयागराज के बीच बना यह एक्सप्रेसवे मां गंगा का आशीर्वाद है और इससे दोनों शहरों के बीच आवागमन सुगम हो सकेगा। उन्होंने इस राजमार्ग को उत्तर प्रदेश की जीवनरेखा बताया। पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल चुनावों के बारे में भी बात की और कहा कि दूसरे चरण में भी बड़ी संख्या में लोग मतदान करने निकले। उन्होंने कहा कि पिछले चुनावों के विपरीत, इस बार चुनाव भय के माहौल के बिना संपन्न हो रहे हैं। इसे लोकतंत्र के सुदृढ़ होने का संकेत बताते हुए उन्होंने मतदान प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए बंगाल के लोगों की सराहना की।

बंगाल में मतदान का दूसरा चरण इस समय जारी है और रिपोर्टों से पता चलता है कि भारी संख्या में लोग मतदान कर रहे हैं। पहले चरण की तरह ही, लोग बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए निकल रहे हैं। लंबी कतारों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। बंगाल में मतदान एक ऐसे निर्भीक वातावरण में हो रहा है, जिसकी पिछले छह-सात दशकों में कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। लोग बिना किसी डर के अपना वोट डाल रहे हैं। यह देश के संविधान और देश में मजबूत होते लोकतंत्र का एक उत्कृष्ट प्रतीक है। मैं बंगाल की जनता के प्रति अपने अधिकारों के प्रति इतनी सजगता दिखाने और बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए आभार व्यक्त करता हूं। मतदान समाप्त होने में अभी भी कई घंटे शेष हैं। मैं बंगाल की जनता से आग्रह करता हूं कि वे लोकतंत्र के इस उत्सव में उसी उत्साह के साथ भाग लें। उन्होंने बिहार विधानसभा और गुजरात नगर निगम चुनावों में भाजपा की शानदार जीत की सराहना करते हुए कहा कि भगवा पार्टी इन पांचों राज्यों में विधानसभा चुनाव जीतकर हैट्रिक बनाएगी। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि इन पांचों राज्यों के चुनावों में भाजपा जीत की ऐतिहासिक हैट्रिक पूरी करेगी। 4 मई के नतीजे विकसित भारत के संकल्प को और मजबूत करेंगे। ये देश के विकास की गति में नई ऊर्जा का संचार करेंगे।

डीजल और पेट्रोल वाहनों का कोई भविष्य नहीं : गडकरी

नई दिल्ली,29 अप्रैल। भू-राजनीतिक तनावों के बीच ईंधन आपूर्ति में व्यवधान और आयात पर निर्भरता को लेकर बढ़ती चिंताओं के मद्देनजर, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत के सार्वजनिक परिवहन तंत्र में डीजल और पेट्रोल वाहनों का कोई भविष्य नहीं है और उन्होंने निर्माताओं से स्वच्छ विकल्पों की ओर तेजी से बदलाव करने का आग्रह किया। गडकरी ने बसवर्ल्ड इंडिया 2026 शिखर सम्मेलन में कहा कि डीजल और पेट्रोल वाहनों का कोई भविष्य नहीं है,हुं अगर आप (ओईएम) बदलाव नहीं करने वाले हैं, तो सावधान हो जाइए। पेट्रोल और डीजल का कोई अच्छा भविष्य नहीं है। मंत्री ने कहा कि आयातित जीवाश्म ईंधनों पर भारत की निर्भरता आर्थिक अस्थिरता को बढ़ाती है, खासकर वैश्विक भू-राजनीतिक उथल-पुथल के दौर में। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने वाहन निर्माताओं और फ्लीट ऑपरेटरों से हाइड्रोजन, इथेनॉल, सीएनजी, एलएनजी और इलेक्ट्रिक पावरट्रेन जैसे विकल्पों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। गडकरी ने कहा कि मंत्रालय ने हाइड्रोजन मोबिलिटी पायलट कार्यक्रम शुरू कर दिए हैं और कई निर्माता परीक्षणों में भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा, "हम अब 10 मार्गों पर हाइड्रोजन ट्रक और हाइड्रोजन बसें चला रहे हैं। हाइड्रोजन भविष्य का ईंधन है। यह बात उन्होंने द इकोनॉमिक टाइम्स को बताई। रिपोर्ट के अनुसार, टाटा मोटर्स, वोल्वो, अशोक लेलैंड और महिंद्रा एंड महिंद्रा सहित प्रमुख भारतीय कंपनियां हाइड्रोजन ईंधन परीक्षणों में शामिल हैं। भारत ने हाल के वर्षों में राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के माध्यम से हरित हाइड्रोजन के लिए नीतिगत समर्थन बढ़ाया है, जबकि परिवहन को पायलट तैनाती के लिए चिन्हित क्षेत्रों में से एक के रूप में उभरा है। मंत्री ने एथेनॉल आधारित परिवहन समाधानों के प्रति अपना समर्थन दोहराया। द इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार, गडकरी ने कहा, "हम पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिला रहे हैं। लेकिन अब हम फ्लेक्स इंजन बनाने की प्रक्रिया में हैं। कच्चे तेल के आयात को कम करने और घरेलू कच्चे तेल की आपूर्ति श्रृंखलाओं को समर्थन देने की व्यापक रणनीति के तहत भारत चरणबद्ध लक्ष्यों के माध्यम से पेट्रोल में एथेनॉल की मात्रा बढ़ा रहा है।

शतरंज : कैंडिडेट्स चैंपियनशिप-भारत की वैशाली रमेशबाबू बनी विजेता

स्थिर चित्त, खुद पर भरोसा,माता-पिता के आशीर्वाद से मिली सफलता

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

शतरंज एक ऐसा खेल है जिसकी उत्पत्ति स्थल को भारत माना जाता है। यह भारत का पुरातन खेल है जो आज भी हमारे देश में न सिर्फ खेला जाता है बल्कि जिनके भारतीय खिलाड़ियों ने पूरी दुनिया में धूम मचाया हुआ है। शतरंज का समावेश आधुनिक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में भले ही नहीं है परंतु उसकी लोकप्रियता का कोई मुकाबला भी नहीं है। क्लासिकल स्टाइल में आज भारत की ओर से विश्व में 10वें नंबर के खिलाड़ी अर्जुन ईगैसी को 2751 रेटिंग अंक प्राप्त है जबकि 11वें नंबर के खिलाड़ी प्रज्ञानंद रमेश बाबू 2741 के साथ विश्व चैंपियन भी है। इसी तरह 15वीं वरीयता प्राप्त सुकेश देमाराजू को 2732 अंक हैं। साथ ही विश्व में 20वें क्रम पर निहाल जरीन 2723 अंकों के साथ हैं। इसी तरह महिलाओं में 2470 अंकों के साथ कोनेरू हम्पी पहले स्थान पर, हरिका ड्रोनवल्ली 2470 अंकों के साथ दूसरे और वैशाली रमेशबाबू इतने ही अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। भारत के लिए यह गर्व की बात है कि भारत की वैशाली ने हाल ही में महिला वर्ग में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट 2026 की चैंपियन बनी है। ऐसी उपलब्धि हासिल करने वाली वह भारत की पहली तथा एकमात्र महिला शतरंज खिलाड़ी हैं। इस सफलता के साथ ही वैशाली अब महिला विश्व चैंपियनशिप जीतने के लिए जोर लगाएंगी जहां उनका मुकाबला वर्तमान चैंपियन चीन की जू वेनलून के साथ इसी वर्ष होगा। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि वैशाली के भाई प्रज्ञानंदा ने विश्व चैंपियन का खिताब जीता है। इस प्रकार एक ही परिवार के दो सदस्यों ने विश्व स्तर पर अपने शानदार प्रदर्शन के द्वारा भारत का झंडा विश्व शतरंज मंच पर उठाए हुए है। शतरंज के खेल में सफलता पाने के लिए वैशाली ने बताया कि उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वियों के विरुद्ध शांत मन से मुकाबला किया। सामने कोई भी विरोधी हो अपने आप को उस पर जीत का आत्मविश्वास बनाए रखा तथा एक और बड़ी बात उन्होंने कहीं कि उनकी मां का पूरे चैंपियनशिप के दौरान साथ मिला। अर्थात् इस जीत में ,माता जी.का योगदान विशेष रूप से रहा कि मुकाबले के दौरान भी उनकी उपस्थिति साए की तरह रही। 24 वर्षीय वैशाली आज भारत में शतरंज की महिला खिलाड़ियों बल्कि किसी भी खेल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन की सोच रखने वाली प्रत्येक महिला खिलाड़ी की आदर्श बन गई है। कभी-कभी आश्चर्य होता है कि वैशाली की उपलब्धि को भारतीय मीडिया में विशेष स्थान नहीं मिला। फिलहाल यह कहा जाता है कि भारत के खेल मीडिया को वैशाली जैसी खिलाड़ियों की सफलता को दिखाने में कोई कंजूसी नहीं करनी चाहिए। शतरंज के खेल को भले ही एक बंद हाल इंडोर स्टेडियम में खेला जाता है किंतु यह जानकार हमें अत्यंत गर्व होता है कि इस खेल में आज भारत के 27 महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने ग्रैंड मास्टर का खिताब पाया है। इस आंकड़े पर विस्तृत अध्ययन करने से हमें पाते हैं कि भारत को 2697 रेटिंग के साथ शतरंज खेलनेवाले 204 देशों में विश्व में दूसरा स्थान प्राप्त है। इस प्रकार वैशाली की सफल्ता ने आज के युवा खिलाड़ियों के समक्ष खेल के दौरान अधिक उतावला न होकर शांत मन, के साथ मुकाबला करने तथा जीत के प्रति आश्वस्त होने का सबक सिखाया है। जिसे प्रत्येक खेल के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए हमेशा याद रखना चाहिए तथा वैशाली के अनुसार माता-पिता या अभिभावकों का साथ मिलना बहुत जरूरी है। इस बात को हमेशा ध्यान में रखना होगा विजय प्राप्त करने के लिए माता-पिता, गुरु का आशीर्वाद बहुत जरूरी है।

पेपर लीक मामले के फरार आरोपी पर इनाम घोषित

रायपुर,29 अप्रैल। छत्तीसगढ़ बोर्ड कक्षा 12वीं के हिंदी विषय के पेपर लीक मामले में पुलिस ने फरार आरोपी पर ईनाम घोषित कर दिया है. आरोपी 14 मार्च से फरार है और उसकी तलाश जारी है. इस बीच डिप्टी पुलिस कमिश्नर ने फरार आरोपी पर आज 5,000 रुपये का ईनाम घोषित कर दिया है. दरअसल, सबसे पहले जारी हुए टाइम टेबल पर 14 मार्च को 12वीं कक्षा की हिंदी परीक्षा हुई, लेकिन 23 मार्च को यह रद्द कर नई तिथि जारी कर दी गई. इसके बाद 10 अप्रैल को दोबारा परीक्षा आयोजित हुई. सेंट्रल जोन के डिप्टी पुलिस कमिश्नर उमेश गुप्ता ने फरार आरोपी वेणु जंघेल की सूचना देने या गिरफ्तारी कराने वाले को नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है. आदेश में कहा गया है कि आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए छिपा हुआ है और उसके स्वच्छंद घूमने से समाज के लिए खतरा हो सकता है. गिरफ्तारी में मदद करने वाले को 5 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा.

बता दें कि एनएसयूआई ने सोशल मीडिया और व्हाट्सऐप ग्रुपों में 12वीं की हिंदी परीक्षा से पहले कुछ सवाल वायरल होने का दावा किया था.

मामले की गंभीरता को देखते हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल ने सिटी कोतवाली थाने में एफआईआर कराई है, जिसके बाद साइबर सेल ने जांच शुरू कर दी है. इस मामले को लेकर छात्र संगठन एनएसयूआई ने भी विरोध जताया था. संगठन ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल का घेराव कर मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी.

आयुक्त ने किया बन रहे सीसी रोड,खेल मैदान,तालाबों का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 29 अप्रैल। आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने बुधवार को जोन क्रमांक-02 कुरूद क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुंदर विहार में निर्माणाधीन सीसी रोड, खेल मैदान, कृष्ण कुंज उद्यान तथा क्षेत्र के तालाबों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने सड़क निर्माण की मोटाई और उपयोग की जा रही सामग्री की जांच करते हुए संबंधित ठेकेदारों एवं इंजीनियरों को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कृष्ण कुंज उद्यान के निरीक्षण के दौरान उन्होंने पौधों के संरक्षण के लिए सिंचाई व्यवस्था की समीक्षा की और गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए नियमित पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही उद्यान में विद्युत कनेक्शन शीघ्र सुनिश्चित करने के लिए जोन अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जल संकट को देखते हुए आयुक्त ने क्षेत्र के तालाबों में नहर के माध्यम से जलभराव कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी प्रमुख तालाबों में पर्याप्त जल स्तर बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि निस्तारी कार्य प्रभावित न हो। इस अवसर पर आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने कहा कि निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। लक्ष्य है कि मानसून से पूर्व बुनियादी ढांचे और जल संचयन से जुड़े सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएं। निरीक्षण के दौरान जोन-02 के प्रभारी जोन आयुक्त अरविन्द शर्मा, सहायक अभियंता स्वेता वर्मा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर साहनी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

एक नजर

दो युवकों से अवैध शराब जब्त

भिलाई, 29 अप्रैल (तछसं.)। भिलाई अवैध शराब को लेकर पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है युवकों के पास से पुलिस ने 35 देशी मशाला शराब और बाइक को जब्त किया गया है अंजोरा चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बाइक सवार युवकों को पकड़ा है पूछताछ करने पर युवकों ने अपना नाम शिवपाल दुर्गे निवासी देवा बघेल और राजीव नगर कार्तिक यादव उर्फ बबल बताया है जब्त शराब की कीमत 3500 रुपए है। कुल सामानों की कीम 33,500 रुपए आंकी गई है पुलिस ने आमजन से अपील करती है कि अवैध शराब बिक्री परिवहन जैसी गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें ऐसे अवैध कार्यों में शामिल अपराधियों पर शिंकजा कसा जा सके।

गांजा बेचते मां,बेटा गिरफ्तार

भिलाई, 29 अप्रैल (तछसं.)। भिलाई नेवई थाना क्षेत्र के गांजा बेचते मां और उसके नाबालिग बेटे को गिरफ्तारकर 1.442 किलोग्राम गांजा एवं 800 रुपए नगद जब्त किया है इस मामले में नेवई थाना पुलिस ने धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्रवाई की है नेवई टीआई अनिल साहू ने बताया कि मुखबिर सूचना मिली कि बजरंगपारा स्टेशन मरोदा नेवई क्षेत्र में एक महिला अपने नाबालिग बेटे के साथ अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा बिक्री के लिए ग्राहकों की प्रतीक्षा कर रही है। सूचना पर थाना नेवई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर कार्रवाई की मौके पर आरोपी फूलेश्वरी सोनवानी उर्फ जकड़ी (44 साल) निवासी बजरंगपारा स्टेशन मरोदा एवं नाबालिग को अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा बिक्री करते पाए जाने पर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा एवं नगदी जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है ।

तेज रफ्तार कार ने घर की दीवार तोड़ दी

भिलाई, 29 अप्रैल (तछसं.)। भिलाई छावनी थाना क्षेत्र के कैप-2 स्थित मदर टेरेसा नगर में सोमवार देर रात तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही कार ने एक घर की बाउंड्रीवॉल तोड़ दी हादसे के समय घर में कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा नुकसान टल गया पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है पुलिस के अनुसार, घटना बैकुंठधाम मंदिर के सामने रहने वाले एक ठेकेदार के घर के बाहर खड़े लोगों ने देखा कि फोर्ड एंडेवर का चालक राजेश गुप्ता तेज गति और लापरवाही से वाहन चला रहा था? अचानक कार अनियंत्रित होकर घर की बाउंड्रीवॉल से जा टकराई टक्कर इतनी जोरदार थी कि दीवार भरभराकर गिर गई नशे में था चालक, प्रत्यक्षदर्शियों का दावा प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक चालक शराब के नशे में था और इसी वजह से उसने वाहन पर नियंत्रण खो दिया। हालांकि घटना के वक्त आसपास लोग मौजूद थे, लेकिन किसी को चोट नहीं आई। छावनी थाना प्रभारी अमित अडानी ने बताया कि वाहन की जांच में पता चला है कि कार कैप-1, वार्ड-22 आदर्श नगर निवासी शीतल गुप्ता के नाम पर पंजीकृत है। मामले में आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है ।

महापौर अलका बाघमार जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों से मिलीं, बेहतर उपचार के दिए निर्देश

दुर्ग, 29 अप्रैल । बोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। मोहननगर के तितुरडीह से बोरी के ग्राम मड़ियापार बारातियों को लेकर लौट रही बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरकर पलट गई। इस दुर्घटना में कुल 19 लोग घायल हो गए,

घटना की सूचना मिलते ही महापौर श्रीमती अलका बाघमार देर रात ही जिला अस्पताल पहुंचीं और घायलों का हालचाल जाना। इसके पश्चात मंगलवार सुबह महापौर अलका बाघमार द्वारा लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर के साथ पुनः जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में भर्ती घायलों से मुलाकात कर उनकी स्थिति की जानकारी ली ।

विकास, विश्वास और जनसेवा की भावना पर आधारित बजट: चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 29 अप्रैल। नगर पालिका परिषद कवर्धा के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने अपने कार्यकाल का दूसरा बजट पेश करते हुए विकास को नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। बजट प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि यह बजट शहर के समग्र विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार और जनआकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में कवर्धा शहर विकास की उंचाईयों को आगे बढ़ायेगा। प्रस्तुत बजट को परिषद की सभा में सर्वसम्मति से पारित किया गया। अध्यक्षीय कार्यकाल का दूसरा बजट ‘विकास, विश्वास और जनसेवा’ की भावना पर आधारित है। नगर पालिका परिषद जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करते हुए हर वर्ग के हितों का ध्यान रखेंगी और कवर्धा को स्वच्छ, सुंदर एवं सुविधायुक्त शहर बनाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध रहेंगी। बजट में कोई नया कर प्रस्तावित नही किया गया है उन्होंने बजट पूर्व परंपरा अनुसार राष्ट्रगान व राजगीत की धुन से कार्यवाही शुरू की।

शहर विकास के लिए विशेष प्रावधान

नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रवंशी ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने, सड़क एवं नाली निर्माण, स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने, पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट, उद्यानों के विकास तथा शहर के सौंदर्यीकरण के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य केवल विकास कार्य कराना नहीं, बल्कि लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कवर्धा तेजी से विकसित हो रहा शहर है और आने वाले वर्षों में इसे आधुनिक एवं व्यवस्थित नगर के रूप में पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने शहरवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जनता के विश्वास और सहभागिता से ही विकास का यह संकल्प पूर्ण होगा।

अनमानित आय व्यय पत्रक

इस प्रकार आगामी वित्तीय वर्ष हेतु अनुमानित आय व्यय पत्र बजट प्रस्तुत किया गया है इसमें वर्ष 2026-27 हेतु अनुमानित आय 9397.18 लाख (अक्षरी-तिरानवे करोड़ सन्तानवे लाख अठ्ठाह हजार रूपये) तथा व्यय 9380.70 (अक्षरी-तिरानवे करोड़ अस्सी लाख सत्तर हजार रूपये) प्रस्तावित किया गया है इस प्रकार बजट में 16 लाख 47 हजार का लाभ का बजट प्रस्तुत किया गया है।

आए दिन होने वाले हादसे रोकने के लिए एक इंजीनियर की सराहनीय पहल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 29 अप्रैल। टाउनशिप अपनी सुव्यवस्थित व्यवस्था और अनुशासित औद्योगिक संस्कृति के लिए जानी जाती है। लेकिन इसके समानांतर एक गंभीर चुनौती भी मौजूद है, रात्रिकालीन सड़क सुरक्षा, विशेषकर सड़कों पर विचरण करते आवारा मवेशियों से होने वाली दुर्घटनाएँ। रात के अंधेरे में ये मवेशी अचानक सामने आ जाते हैं, जिससे दोपहिया वाहन चालकों के लिए खतरा कई गुना बढ़ जाता है। कई कर्मचारी ऐसी दुर्घटनाओं का शिकार हो चुके हैं, और एक दर्दनाक घटना में पीबीएस विभाग के एक सविदा कर्मी के पुत्र की असामयिक मृत्यु ने इस समस्या की गंभीरता को और उजागर किया। इसी चिंता से प्रेरित होकर सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के पीबीएस विभाग में कार्यरत इंजीनियरिंग एसोसिएट मोहम्मद रफ़ी ने सितंबर 2025 में एक सराहनीय पहल की शुरुआत की। उन्होंने टाउनशिप में घूमने वाले मवेशियों, विशेषकर गायों और बैलों को रिफ्लेक्टिव बेल्ट पहनाना शुरू किया। ये बेल्ट वाहन की हेडलाइट पड़ते ही चमक उठते हैं, जिससे चालक समय रहते सतर्क हो सकते हैं और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो जाती है। इस कार्य को अंजाम देना आसान नहीं है। मवेशियों को बिना किसी आक्रामकता के नियंत्रित करने के लिए वे ब्रेड और हरी सब्जियों का सहारा लेते हैं। हालांकि, कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा बेल्ट हटाने की घटनाएं भी सामने आई हैं, फिर भी उनका प्रयास निरंतर जारी है। अब तक 102 से अधिक मवेशियों को रिफ्लेक्टिव बेल्ट पहनाए जा चुके हैं। यह संख्या भले ही सीमित प्रतीत हो, लेकिन यह पहल एक बड़ा संदेश देती है, सकारात्मक बदलाव छोटे-छोटे कदमों से ही शुरू होते हैं। मोहम्मद रफ़ी की यह पहल केवल एक सुरक्षा उपाय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक चेतना का प्रतीक है।

अतिक्रमण की शिकायत पर महापौर ने हटाने के लिए दिए निर्देश

दुर्ग,29 अप्रैल। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर, पार्षद श्रीमती सरिता विनोद चन्द्राकर,पार्षद गुलाब वर्मा भवन अधिकारी प्रकाश चंद थवानी एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता सहित निगम टीम के साथ सिविल लाइन स्थित शीतला तालाब एवं वृंदावन कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 40 का विस्तृत निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान शीतला तालाब को भूस्वामी द्वारा अवैध रूप से पाटे जाने की गंभीर शिकायत प्राप्त होने पर महापौर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल मौके का जायजा लिया। उन्होंने मौके से ही जिला कलेक्टर से दूरभाष पर चर्चा कर प्रकरण में शीघ्र एवं सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही। महापौर ने स्पष्ट कहा कि सार्वजनिक संपत्तियों एवं जल स्रोतों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सभी लंबित प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर

धमतरी, 29 अप्रैल । कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में आज मूक बधिरार्थ कन्या विद्यालय में जिले के सभी विकासखंडों के अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों, राजस्व निरीक्षकों एवं पटवारियों की बैठक आयोजित कर राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि राजस्व विभाग आम जनता से सीधे जुड़ा हुआ विभाग है, इसलिए इसकी कार्यप्रणाली में गति, पारदर्शिता और संवेदनशीलता अनिवार्य है। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा अनावश्यक विलंब पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर जमीनी हकीकत का आंकलन करने और कार्यों की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी प्रकार की शासकीय भूमिकृषाय भूमि, वन भूमि या अन्य महत्वपूर्ण भूमिकृपर अतिक्रमण बिल्कुल भी सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने तथा कोटवारी भूमि की खरीदी-बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पटवारियों को बड़े भूखंडों की विस्तृत जानकारी तैयार कर कैफियत में दर्ज करने के लिए कहा गया। कलेक्टर ने डिजिटल माध्यमों के अधिकतम उपयोग पर बल देते हुए कहा कि तकनीक के माध्यम से राजस्व सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सरल एवं सुलभ बनाया जा सकता है।

आईटीआई प्रशिक्षुओं के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 29 अप्रैल। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन-ज्ञानार्जन एवं विभाग द्वारा आईटीआई प्रशिक्षुओं के लिए संरचित ऑन-द-जॉब औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। 15 से 29 अप्रैल तक आयोजित इस चार सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग ट्रेड के 17 प्रशिक्षु भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को एकीकृत इस्पात संयंत्र की कार्यप्रणाली, सुरक्षा मानकों तथा शॉप-फ्लोर प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम का समन्वयन सेक्शन एसोसिएट शोभराज सिन्हा एवं प्रशिक्षण अधिकारी अनिल कुमार नेताम द्वारा किया जा रहा है। उनके मार्गदर्शन में प्रशिक्षण का प्रभावी संचालन और ज्ञान का व्यवहारिक हस्तांतरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षुओं को औद्योगिक प्रणालियों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हो रहा है, जिससे उनकी व्यावहारिक दक्षता एवं कार्यस्थल की समझ विकसित हो रही है। यह पहल उनकी रोजगार क्षमता को मजबूत बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

हत्या के मामले में महिला व अपचारी बालक गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 29 अप्रैल। भिलाई जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र के अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को सफलता मिली है पुरानी रंजिश एवं विवाद के कारण पत्थर से कुचलकर हत्या कर देने वाले मामले में पुलिस ने अपचारी बालक एवं साक्ष्य छुपाने वाली महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है जेवरा सिरसा चौकी प्रभारी खगेंद्र पठरे ने बताया कि 26 अप्रैल को प्रार्थी महेंद्र कुमार निषाद निवासी ग्राम करहीडीह चौकी जेवरा सिरसा द्वारा सूचना दी गई थी कि रामनारायण निषाद उर्फ नारायण निषाद का शव ग्राम करहीडीह स्थित दुर्गा मंच के पीछे खेत में संदिग्ध अवस्था में मिला है, जिसके सिर पर गंभीर चोट के निशान है सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्ट मार्टम कराया। हत्या की पुष्टि होने पर चौकी जेवरा सिरसा में धारा 103 (1) के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया गया था इस मामले में पुलिस ने अपचारी बालक एवं सावित्री निषाद (40 साल) निवासी करहीडीह को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है? इस कार्रवाई में चौकी जेवरा सिरसा पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही विवेचना एवं आरोपियों की पतासाजी में जेवरा सिरसा चौकी एवं स्टाफ द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की गई थी मृतक नारायण के नशे में होने का उठाया फायदा विवेचना के दौरान घटना स्थल निरीक्षण, तकनीकी साक्ष्य, मुखबीर की सूचना एवं पुछताछ के आधार पर (16 साल) अपचारी बालक को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जिसने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर पुरानी रंजिश के कारण मृतक की हत्या करना स्वीकार किया। मृतक द्वारा पूर्व में विवाद के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराए जाने से आरोपी रंजिश रखता था। 25 अप्रैल की रात मृतक के नशे की स्थिति में होने का फायदा उठाकर आरोपियों द्वारा मारपीट करते हुए गमछे से पैर बांधकर घसीटते हुए ले जाकर पत्थरों से कुचला और उसकी हत्या कर दी महिला ने जलाए थे कपड़े व जूते विवेचना के दौरान यह भी पाया गया कि सावित्री निषाद (40 साल) निवासी करहीडीह द्वारा साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से खून से सने कपड़े एवं जूते जलाए गए, जिसके आधार पर महिला आरोपी को गिरफ्तार किया गया हत्या में शामिल एक अन्य आरोपी फरार है जिसकी तलाश में टीम लगी हुई है।

समाचार संक्षेप

कार चालकों में दिखी यातायात नियमों के प्रति जागरूकता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 29 अप्रैल। कबीरधाम जिले में कार चालकों में सीट बेल्ट पहनने के प्रति बेहतर जागरूकता दिखी । बिजनेसमैन आनंद चंद्रवंशी ओर बिज़नेस मैन सुखनंदन चंद्रवंशी ने कहा की कार चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य पहनना चाहिए और लोगों से भी विनम्र अपील है की यातायात सुरक्षा का पालन हमेशा करे ।

पक्षियों , पशुओं के लिए घर के सामने पानी अवश्य रखें: गोस्वामी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 29 अप्रैल। पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पुरी गोस्वामी ने जिलेवासियों से विनम्र अपील की पक्षियों , पशुओं के लिए घर के सामने पानी अवश्य रखे क्योंकि भीषण गर्मी बढ़ रही है और पक्षियों पशुओं को पेयजल मिलेगा और उनका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा । पौधे को भी पानी अवश्य डाले क्योंकि पौधा है तो जीवन है और पौधे का ख्याल परिवार की तरह रखे ।

बुद्ध पूर्णिमा पर मांस की दुकानें रहेंगी बंद

भिलाई, 29 अप्रैल। छत्तीसगढ़ शासन के पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के निर्देशानुसार निगम क्षेत्र में संचालित सभी पशुवध गृह एवं मांस विक्रय की दुकानें 1 मई शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बंद रहेंगी। निगम प्रशासन ने जानकारी देते हुए बताया कि आदेश का पालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

आग लगाने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 29 अप्रैल। दुर्ग सिटी कोतवाली टीम ने राजीव नगर क्षेत्र में हुई आगजनी की घटना का कुछ ही घंटों में खुलासा कर दिया। मकान में आग लगाकर घरेलू सामान को नुकसान पहुंचाने वाले आरोपी को सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तार किया गया पुरानी रंजिश बनी आगजनी की वजह पीड़िता गीता बाई खांडेकर की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी ने पुरानी रंजिश के चलते उनके मकान में आग लगा दी, जिससे पलंग, कूलर और अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गए। घटना में करीब 20,000 रुपये का नुकसान हुआ धारा 326(ग) के तहत मामला दर्ज पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए घटनास्थल का निरीक्षण, गवाहों के बयान और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी आकाश यादव उर्फ बुद्धू (21 साल) की पहचान कर उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया पूछताछ में आरोपी ने अपराध कबूल कर लिया। इसके बाद उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका इस कार्रवाई में दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई नवीन राजपूत सहित पुलिस टीम ने त्वरित और प्रभावी भूमिका निभाई, जिससे आरोपी को जल्द पकड़ने में सफलता मिली पुलिस की अपील दुर्ग पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या आपराधिक घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

सुशासन तिहार और जनगणना को लेकर सख्ती, बिना अनुमति अवकाश पर रोक

धमतरी, 29 अप्रैल । राज्य शासन द्वारा संचालित सुशासन तिहार एवं आगामी जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपादित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार आगामी तीन माह की अवधि तक कोई भी शासकीय सेवक बिना सक्षम प्राधिकारी की पूर्वानुमति के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेगा।कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि अवकाश स्वीकृत किए जाने से पूर्व संबंधित अधिकारी को अनुमति अनिवार्य होगी।

बिना पूर्व स्वीकृति के कार्यालय से अनुपस्थित रहना स्वैच्छिक अनुपस्थिति माना जाएगा, जिसे सेवा नियमों के अंतर्गत ‘ब्रेक इन सर्विस’ (सेवा में व्यवधान) के रूप में भी दर्ज किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, आकस्मिक अवकाश की स्थिति में भी शासकीय सेवकों को यथासंभव दूरभाष अथवा डिजिटल माध्यम से पूर्व सूचना देना अनिवार्य किया गया है। साथ ही, कार्यालय में पुनः उपस्थित होने पर तत्काल इसकी पुष्टि करना भी आवश्यक होगा। जिला प्रशासन ने सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है कि वे इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। आदेश का उल्लंघन करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सुशासन तिहार एवं जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की सफलता हेतु सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी और निरंतर उपस्थिति अत्यंत आवश्यक है।

सही दवा-शुद्ध आहार के लिए टीम ने कई दुकानों का किया निरीक्षण

दुर्ग, 29 अप्रैल । छत्तीसगढ़ शासन एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार 27 अप्रैल 2026 से 11 मई 2026 तक सही दवा-शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम के अंतर्गत 15 दिवसीय सघन जांच अभियान संचालित किये जाने हेतु प्रत्येक जिले में कार्यरत खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है जिसमें औषधि शाखा द्वारा जिले में कॉस्मेटिक एजेंसीयां, थोक एवं खुदरा औषधि विक्रय फर्म, अस्पताल एवं अस्पतालों से जुड़े फार्मेसी में कोल्ड चैन का निरीक्षण निजी एवं शासकीय परिसरों में वैक्सीन संधारण एवं कोल्ड चैन की जांच, स्वापक औषधियों के थोक एवं खुदरा फर्मों में क्रय-विक्रय संबंधित दस्तावेजों की जांच, सार्वजनिक स्थलों पर कोटपा अधिनियम के तहत् कार्यवाही एवं जागरूकता अभियान एवं निजी एवं शासकीय अस्पतालों की फार्मेसीयों की जांच / निरीक्षण एवं एडवर्स ड्रग इवेंट की रिपोर्टिंग प्रक्रियाओं की जांच औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 नियमावली 1945 के तहत की जाएगी। खाद्य शाखा द्वारा चाट, गुपचुप सेंटर्स, गन्ना रस, सॉफ्ट ड्रिंक्स, आईसक्रीम, जूस सेंटर, डेयरी प्रोडक्ट विक्रेता फर्म, मिठाई दुकान, होटल, रेस्टोरेंट, केक एवं बेकरी प्रोडक्ट विक्रेता फर्म, मिड-डे- मिल सेंटर्स, हास्पिटल कैटीन, जांच खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत् की जाएगी।

एक नजर

अब तक जिले के 450 तालाब में भरा पानी,128 में भरा जा रहा निस्तारी की समस्या से राहत

बलौदाबाजार, बलौदाबाजार 29 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ग्रीष्म ऋतु में तालाबों में पानी की कमी के कारण ग्रामीणों को निस्तारी की समस्या को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा महानदी जलाशय परियोजना के नहर के माध्यम से तालाबों को भरा जा रहा है। अब तक जिले के 450 तालाब में पानी भर चुका हैं तथा 128 तालाब में पानी भरा जा रहा है। जल संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार महानदी जलाशय परियोजना के नहर के माध्यम से जिले के कुल 384 गांव के 683 तालाबों को भरने का लक्ष्य है। इनमे से 450 तालाबों में अब तक पानी भरा गया है तथा 128 प्रगतिरत है। शेष तालाबों में भी जल्द पानी भर दिया जाएगा इन तालाबों के भरने से ग्रामीणों को ग्रीष्म ऋतु में निस्तारी के संकट से मुक्ति मिलेगी। इस्के साथ ही तालाबों के भरने से आस -पास के क्षेत्रों में वाटर रिचार्ज भी होगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने पिछले सप्ताह बलौदाबाजार विकासखंड के विभिन्न ग्रामो के दौरा के दौरान कई तालाबों और नहर का निरीक्षण किया था। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को नहर का पानी व्यर्थ बहने में रोक लगाने तथा कड़ी मॉनिटरिंग के निर्देश दिये हैं।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन 1 मई तक

बलौदाबाजार 29 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बल्दाकछार (सोनाखान) की कक्षा 7वीं, 8वीं एवं 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन 28 अप्रैल से 1 मई 2026 तक मंगाये गये हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए कक्षा 7वीं के लिए 04 बालक एवं 09 बालिका कुल 13, कक्षा 8वीं के लिए 01 बालक एवं कक्षा 9वीं के लिए 01 बालक एवं 01 बालिका कुल 02 सीट निर्धारित किया गया हैं। इनमें 06 बालक एवं 10 बालिका कुल 16 बालक एवं बालिका को प्रवेश दिया जायेगा।आंनलाईन आवेदन हेतु: ://forms.gle/m~lEvcjhiqnPyMMt~ में कर सकते है।

हर घर नल से जल' बना ग्रामीण सशक्तिकरण एवं सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक

बलौदाबाजार, 29 अप्रैल। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन और सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में जिले में जल जीवन मिशन एक नई ऊंचाई छू रहा है। हर घर नल से जल योजना अब केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि ग्रामीण सशक्तिकरण और सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक बन गई है। सक्रिय जनभागीदारी और संकलित राशि-प्रशासनिक प्रयासों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से अब तक 22लाख 57हजार की जल कर राशि संकलित की जा चुकी है। ग्रामीण परिवारों द्वारा किया जा रहा यह स्वैच्छिक योगदान जल व्यवस्था के प्रति उनकी जवाबदेही को दर्शाता है। बुनियादी ढांचे का सुदृढ़ीकरण-इस संकलित राशि का उपयोग सीधे तौर पर ग्रामीण जल प्रणालियों को बेहतर बनाने में किया जा रहा है जिसमें नल एवं पाइपलाइन की त्वरित मरम्मत कार्य,जल आपूर्ति प्रणाली का नियंत्रण रख-रखाव एवं सुधार,जल संरक्षण एवं संवर्धन के स्थायी कार्यों को प्राथमिकता शामिल हैं। विगत दिनों विशेष ग्राम सभा में भी जल कर पर चर्चा की गई।

ईंट निर्माण कार्य से आत्मनिर्भर बन रही हैं समूह की महिलाएं

रायपुर, 29 अप्रैल। जहां वहां राह इस उक्ति को ईंट निर्माण कार्य से जुड़ी महिलाएं चरितार्थ कर रही है। आदिवासी बहुल कोंडागांव जिले के दूरस्थ ग्राम पंचायत कुधुर में समूह की महिलाएं सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की प्रेरक मिसाल प्रस्तुत कर रही है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। समूह की महिलाओं ने सीआईएफएवं बैंक लिंकेज के माध्यम से 4 लाख रुपये का ऋण प्राप्त कर सीमेंट ईंट निर्माण कार्य प्रारंभ किया। सीमित संसाधनों और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और आत्मविश्वास के साथ स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ीं। आज उनके द्वारा निर्मित मजबूत एवं गुणवत्तापूर्ण ईंटों की मांग आसपास के गांवों में लगातार बढ़ रही है।

पूर्व में जहां महिलाएं केवल घरेलू कार्यों तक सीमित थीं, वहीं अब वे आर्थिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए परिवार की आय में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। इस पहल से न केवल समूह की महिलाओं को नियमित रोजगार मिला है, बल्कि गांव के अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। ईंट निर्माण से महिलाओं की आय में वृद्धि हुई है, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है। साथ ही उनके आत्मविश्वास और सामाजिक सम्मान में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं अब अन्य ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा बनकर आत्मनिर्भरता का संदेश दे रही हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत महिलाओं को प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया।

भरे दोपहरी में गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने की मांग: 80000 लोगों ने किए हस्ताक्षर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 29 अप्रैल। मां बमलेश्वरी देवी जी के पवन नगरी में गौ माता को 'राष्ट्र माता' का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर डोंगरगढ़ तहसील भव्य रैली निकाली गई. संतों, गोभक्तों और ट्रस्ट समिति के ट्रस्टी व सामाजिक कार्यकर्ताओं के समर्थकों ने इसमें भाग लिया. रैली से महावीर मंदिर प्रांगण में एकत्रित हुए व गौ माता के जयकारे जयघोष के साथ रैली के माध्यम से 80000 हजार हस्ताक्षरों वाली पोथी राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री,राज्यपाल,मुख्यमंत्री के नाम सौंपी. गौ भक्तों ने गौ हत्या पर पूर्ण रोक लगाने की मांग की. एसडीएम

एम भार्गव ने मार्गे जल्द उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया.

गौ सेवक हनी गुप्ता ने बताया कि गौ माता को ◦राष्ट्र माता / राष्ट्र धोरहर / राष्ट्र आराध्या◦ का सम्मान दिलाने हेतु देश के सभी विकासखंड एवं तहसील स्तर पर हजारों हस्ताक्षरों से युक्त ज्ञापन सौंपे गए। 15 दिन पूर्व से गौ भक्त व गौ सेवक प्रत्येक वार्ड मुहल्ले चौक चौराहे में गौ माता की महिमा बताया गया व आम जनमानस से गौ माता को राष्ट्र माता के लिए हस्ताक्षर लिए व गौ माता पर बखान करते हुए गौ सम्मान आह्वान अभियान के बारे में बताया. गोभक्तों द्वारा गौ माता के सम्मान में भव्य कीर्तन का आयोजन किया गया. जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया. इस अवसर पर कई संत-महात्मा समाज प्रमुख मंदिर ट्रस्ट के सदस्य वी ट्रस्टीगन भी मौजूद रहे, जिन्होंने गौ माता के महत्व पर प्रकाश डाला और समाज को गौ संरक्षण के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति और परंपरा की आधारशिला है, और उनका सम्मान करना हर नागरिक का कर्तव्य है.

आयोजन में विश्वनाथ यादव गोपाल खेमुका हेमंत साहू अजय ठाकुर वीरेंद्र अग्रवाल प्रकाश यादव मनोज अग्रवाल लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, ,बालमुकुंद तराने बबलू शाडिल्य नितिन पचेरीवाल अनिल परमार सिद्धू गोपाल नरेड़ी कन्हैया अग्रवाल विनीत यादव सतेंद्र साहू हंसराज पटेल अभिषेक साहू योगेश अग्रवाल लेखन अग्रवाल रितेश सक्सेना शैलेंद्र पाल मधु अग्रवाल मानिक बोस चींकू श्रीवास्तव हीरा लाल मौर्या हिमांशु गुप्ता गणेश साहू कमल किशोर शर्मा पुष्प तराने वरुण अग्रवाल राहुल नामदेव अजय शर्मा आकाश मरकाम अंकित गुप्ता मातृशक्ति से अनुराधा शर्मा अचला ठाकुर ज्योति बड़वाईक कीर्ति बड़े शारदा अग्रवाल ममता चावड़ा पी सेविका ठाकुर वी अन्य सभी गौ भक्त बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

सुशासन तिहार में 39 स्थानों पर जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा

- पहले दिन 1 मई को ग्राम रिसदा में,18 ग्राम पंचायत के लोग होंगे शामिल
- कलेक्टर ने की समय -सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 29 अप्रैल। प्रदेश व्यापी सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कुल 39 स्थानों पर आयोजित होंगे। इसमें 30 ग्रामीण एवं 19 नगरीय निकाय शामिल हैं। शिविर के पहले दिन 1 मई 2026 को विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत रिसदा में आयोजित होगा जिसमें 18 गांव के लोग शामिल होंगे। शिविर प्रातः 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक होगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों के साथ सुशासन तिहार तैयारी की समीक्षा की।कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार शासन का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जो हमारे लिये एक अवसर है जिसमें लोगों की समस्याओं का निराकरण फिल्ड में जाकर करना है। सभी अधिकारी कर्मचारी सक्रिय व सतर्कता के साथ कार्य करें।उन्होंने कहा कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी शिविर में अवश्य उपस्थित रहे। शिविर के एक दिन पूर्व पूरी तैयारी हो जाना चाहिए। शिविर में आवेदन पंजीयन काउंटर, विभागीय स्टॉल, मेडिकल कैम्प भी हो।हितग्राही मूलक योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करना है।शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी आवेदकों दे।उन्होंने कहा कि शिविर में निराकरण नहीं हो पाने वाले आवेदनों को अगले 15 दिन में निराकृत कर आवेदको को सूचित भी करना है।प्रत्येक शिविर के नोडल अधिकारी को शिविर में निराकृत आवेदनों की पूरी जानकारी होना चाहिए।

ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर - शुक्रवार 1 मई को विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत रिसदा में शिविर आयोजित होगा जिसमें कोकड़ी, पगनांव, मगरचवा, पहंदा, लिमाही, खम्हरिया (च), सकरी, दशरमा, खम्हरिया (यदु), कंजी, भरसेला (नया), चांपा, ठेलकी, पुरेनाखपरी, रिसदा,परसाभदेर, सेम्हाडीह भरवाडीह के ग्रामीण शामिल होंगे। सोमवार 4 मई को ग्राम भाटापारा विकासखंड के ग्राम मोपर शिविर में ग्राम टोनाटार, मल्दी, अमलीडीह, हसदा, खम्हरिया, नवागांव, टोपा, देवरानी, अमेठी, गोढी (टी), मिरगी, खैरी (आर), तुरमा,गुर्रा शामिल हैं। विकासखंड कसडोल के ग्राम डेराडीह शिविर में अमोदी, बैजनाथ, भदरा, छेछर, दर्रा म. गिरौद. झबडी, कटगी, खैरा (क) कोट(र) मानाकोनी. मुडपार (म). साबर,सर्वा,सरवानी., सेल मडकडा, मडवा, मल्दा,सिनोधा शामिल हैं।बुधवार 6 मई को सिमगा के ग्राम नवागांव में एवं शनिवार 9 मई को कसडोल के मोहतरा क में, सोमवार 11मई को भाटापारा के ग्राम तरेंगा एवं पलारी के ग्राम वाटगम में,बुधवार 13-मई को सिमगा के ग्राम जांगड़ा एवं बलौदाबाजार के ग्राम चिचिरदा में,16 मई को पलारी के ग्राम कुसमी में,सोमवार 18 मई को सिमगा के ग्राम तुलसी एवं कसडोल के ग्राम बया में, बुधवार 20 मई को बलौदाबाजार के ग्राम नावापारा में,शनिवार 23 मई को कसडोल के कोटियाडीह एवं पलारी के गिधपुरी में, सोमवार 25 मई को सिमगा के भटभेरा एवं बलौदाबाजार के करमदा में, गुरुवार 28 मई को भाटापारा के बोडतरा में, शनिवार 30 मई को पलारी के ग्राम दतरेंगी में,सोमवार 1 जून को सिमगा के ग्राम दावनबोड एवं बलौदाबाजार के ग्राम भालूकोना मे,बुधवार 3 जून को भाटापारा के ग्राम बिजारडीह एवं पलारी के ग्राम छेरकापुर में,शनिवार 6 जून को कसडोल के ग्राम नारायणपुर एवं सिमगा के जरौद में,सोमवार 8 जून को भाटापारा के ग्राम गुड़ेलिया में एवं बुधवार 10 जून को कोसडोल के ग्राम राजादेवरी में शिविर आयोजित होंगे। नगरीय क्षेत्रों में शिविर-सोमवार4 मई 2026 को नगर पंचायत पलारी के ठाकुर देव चौक में वार्ड 1 से 8 तक के लिये शिविर आयोजित होगा। इसीतरह बुधवार 6 मई को नगर पालिका कार्यालय भवन भाटापारा में वार्ड 1 से 5 एवं 8 से 10 के लिये, नगर पालिका कार्यालय भवन बलौदाबाजार में वार्ड क्रमांक 1 से 6 एवं 21 के लिये एवं गुरुघासीदास भवन नगर पंचायत लवन में वार्ड 1से 8 के लिये, बुधवार 13मई को इतवारी राम यादव शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल भाटापारा में वार्ड 6 से 7 एवं 11 से 16 के लिये, बेसिक प्राथमिक शाला भवन बलौदाबाजार में वार्ड 7 से 14 के लिये, सरस्वती चौक नगर पंचायत पलारी में वार्ड 9 से 15 के लिये, नगर भवन कसडोल में वार्ड 1 से 8 के लिये,

टिकरापारा सामुदायिक भवन दुण्डा में वार्ड 1 से 7 के लिये,ठाकुरदिया चौक रोहांसी में वार्ड 1 से 8 के लिये, सांस्कृतिक भवन सिमगा में वार्ड 8 से 15 के लिये, सोमवार 18 मई को मयूर स्कूल भाटापारा में वार्ड 17 से 24 के लिये,नगर भवन बलौदाबाजार में वार्ड 15 से 20 के लिये, कार्यालय नगर पंचायत भवन लवन में वार्ड 9 से 15 के लिये,महामाया चौक दुण्डा में वार्ड 8 से 15 के लिये, बुधवार 20 मई को शिव मंदिर शंकर नगर सिमगा में 1 से 7 के लिये, रामायण चौक रोहांसी में वार्ड 9 से 15 के लिये, सोमवार 25 मई को दुर्गा मंदिर रामसागरवार्ड में वार्ड 25 से 31 के लिये एवं बजरंग चौक कसडोल में वार्ड 9 से 15 के लिये शिविर होगा। बैठक में डीएफओ गणवीर धम्मशील सोईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अपर कलेक्टर, एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

डीजे में डांस के दौरान धक्का-मुक्की को लेकर हुआ विवाद तो धारदार हथियार से किया वार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 29 अप्रैल। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ श्री केशरी नंदन नायक के पर्यवेक्षण में त्वरित कार्यवाही करते हुए विशेष टीम के साथ आरोपियों की पता तलाश कर तत्काल पकड़ा गया। प्रकरण में जांच पर कृपाल वर्मा द्वारा अपचारी बालक को घटना के दौरान चाकू देकर अपराध में सहयोग करते हुए संलिप्तता पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तार आरोपीगण 01. विधि से संघर्षरत बालक, उम्र 17 वर्ष 01 माह, निवासी साकरा, थाना गातापार, जिला केसीली (छ.ग.) 02. कृपाला वर्मा, पिता कौशल वर्मा, उम्र 25 वर्ष, निवासी साकरा, थाना गातापार, जिला केसीली (छ.ग.)

प्रार्थी मंगलेश सिन्हा, पिता स्व. गुहाराम सिन्हा, उम्र 42 वर्ष, निवासी रामटोला, थाना डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 26-04-2026 को ग्राम रामटोला में ग्राम सांकरा जिला खैरागढ़ से बारात आई हुई थी। रात्रि लगभग 08:15 बजे बारात ग्राम में भ्रमण कर रही थी, जिसमें डीजे पर बाराती और गांव के लोग डांस कर रहे थे। इसी दौरान योगेश सिन्हा और विधि से संघर्षरत बालक के बीच पुरानी रंजिश को लेकर धक्का मुक्की और बाद विवाद हुआ। विवाद के दौरान अपचारी बालक ने आरोपी कृपाला वर्मा द्वारा दिए गए धारदार हथियार से योनिश सिंह पर वार किया जिससे उसे गंभीर चोटें आई जिसे परिजनों एवम गाँव वालो द्वारा घायल को तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहाँ उसे इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया गया ।घटना के दौरान बीच-बचाव करने आए रेमन देवांगन एवं युवराज यादव पर भी अपचारी ने हमला किया जिस पर उनको भी चोटे आई ।उक्त घटना की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 218/2026 धारा 103(1), 109 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है ।

सशिमं में परीक्षा परिणाम संग पदोन्नति विदाई समारोह

रायपुर 29 अप्रैल। शिव शिक्षण समिति, रायपुर द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर, माना कैम्प में वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा के साथ ही प्रधानाचार्य के पदोन्नत हो कर दूसरे जिले में पदासीन हो जाने के उपलक्ष्य में विदाई समारोह का आयोजन शाला परिसर में शाला परिवार द्वारा किया गया। जानकारी देते हुए समिति के वीरेंद्र डागा ने बताया कि शाला का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए प्रत्येक कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शाला परिवार द्वारा पुरस्कृत किया गया साथ ही शाला में विगत दो दशक से भी अधिक समय से कार्यरत श्री नरेश यादव को वर्तमान दायित्व प्रधानाचार्य से पदोन्नत हो कर गरियाबंद जिला विभाग समन्वयक बन कर गरियाबंद मुख्यालय में पदभार मिलने के उपलक्ष्य में विदाई संग बधाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई उपलक्ष्य में शाला परिवार द्वारा स्वरूप उपहार श्री नरेश यादव को भेंट किया गया ताकि शाला परिवार की स्मृति उनके मन-मस्तिष्क में अंकित रहे। विदाई समारोह में उपस्थित शाला परिवार द्वारा अपनी अपनी अभिव्यक्ति वक्तव्य के माध्यम से व्यक्त कि गई। अंत में श्री नरेश यादव ने अपनी अभिव्यक्ति में सभी को सहयोग हेतु धन्यवाद के साथ शाला में व्यतीत समय का पुनरावलोकन करते हुए संस्मरण प्रस्तुत किया। आयोजन में शाला में अध्यापन कार्य में कार्यरत प्रभारी प्रधानाचार्य रामेश्वर साहू, आचार्य व दीदीयों के साथ ही समिति से बाबुल शाह , प्रमोद मानिक , वीरेंद्र डागा की उपस्थिति रही।

जिला प्रशासन ने नहरों के पानी से 450 तालाबों को भरा

रायपुर, 29 अप्रैल। भीषण गर्मी के बीच ग्रामीणों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिला प्रशासन ने ग्रीष्म ऋतु में होने वाली जल किल्लत और दैनिक उपयोग की समस्याओं को दूर करने के लिए महानदी जलाशय परियोजना के जल का उपयोग कर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित तालाबों को भरने का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया है। जल संसाधन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, जिले के 384 गांवों में स्थित कुल 683 तालाबों को भरने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक प्रशासन ने 450 तालाबों को पूरी तरह से भर दिया है, जबकि 128 तालाबों में पानी भरने का काम तेजी से चल रहा है। शेष तालाबों को भी बहुत जल्द पानी से भर दिया जाएगा। तालाबों में पर्याप्त पानी होने से ग्रामीण निस्तारी कार्यों को आसानी से कर पा रहे हैं।तालाबों के लबालब होने से आसपास के क्षेत्रों में भू-जल स्तर (वाटर रिचार्ज) के बढ़ने में भी सुविधा होगा। प्रशासन द्वारा सख्त निगरानी कर पानी की बर्बादी पर लगाम लगाया जा रहा है।

कृष्णा विकास ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस ने मनाया अपना 24वां फउंडेशन डे

रायपुर, 29 अप्रैल। कृष्णा विकास ग्रुप ऑफ़इंस्टीट्यूशंस, रायपुर ने सोमवार को कॉलेज कैंपस में बड़े जोश के साथ अपना 24वां फउंडेशन डे मनाया। इस इवेंट में हायर एजुकेशन, रिसर्च और स्टूडेंट डेवलपमेंट में इंस्टीट्यूशन के 24 शानदार सालों का जश्न मनाया गया। इस फंक्शन में सम्मानित चेयरमैन श्री दसारी मुरली कृष्ण, चीफ सेस्ट डॉ. एस एन पांडा, ग्रुप डायरेक्टर, और चीफ सेस्ट मेंज जनरल अजय कुमार शर्मा मौजूद थे। इसके अलावा डॉ. सीमा अग्रवाल, प्रिंसिपल KDRCST; डॉ. रितेश देवांगन, प्रिंसिपल KVIT; डॉ. संदीप सोनकर, प्रिंसिपल KVIPSR; श्री भारतन शाह, प्रिंसिपल KVGS IB; सुश्री निधि अग्रवाल, प्रिंसिपल KVTS भिलाई; श्री रजनीश नायर, सीनियर एडमिन हेड; सीनियर फैकल्टी मेंबर्स और खास मेहमान भी मौजूद थे।

प्रोग्राम की शुरुआत दीप जलाने और सरस्वती वंदना के साथ हुई, जिसके बाद श्री भारतन शाह, प्रिंसिपल KVGS IB ने वेलकम एड्रेस दिया। उन्होंने फैकल्टी मेंबर्स, नॉन-टीचिंग स्टाफ और स्टूडेंट्स की एकेडमिक एक्सीलेंस, कड़ी मेहनत और डेडिकेशन पर जोर दिया, जो मज़बूत कोआर्डिनेशन से हासिल हुई। अपने एड्रेस में, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. एस एन पांडा ने 24 साल के शानदार सफ़र पर बात करते हुए कहा, हम इसका हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। सबसे अच्छा बनने के विज़न के साथ, अब हम एक यूनिवर्सिटी हैं। एक पॉज़िटिव बदलाव आया है, एम्प्लॉई कल्चर बदल गया है, और कैंपस में बेहतर मौके हैं। कड़ी मेहनत करें और अपने गोल हासिल करें।

वहां मौजूद लोगों को एड्रेस करते हुए, चेयरमैन श्री दसारी मुरली कृष्णा ने स्टूडेंट्स में एथिक्स, लीडरशिप और सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी डालते हुए क्वालिटी एजुकेशन देने के इंस्टीट्यूशन के विज़न पर ज़ोर दिया। उन्होंने कॉलेज को एकेडमिक एक्सीलेंस का सेंटर बनाने में फैकल्टी और स्टाफ के डेडिकेटेड एफ्ऱर्ट्स की तारीफ़ की।

चीफ सेस्ट मेंज जनरल अजय कुमार शर्मा ने कॉर्पोरेट एथिक्स और इंटीग्रिटी पर ◦द इनफिनिट इंटरनल कंपास: इंजीनियरिंग कैरेक्टर फॉर ए VUCA वर्ल्ड◦ टाइटल से एक इनसाइटफुल सेशन दिया।

संयुक्त जांच टीम ने14 प्रतिष्ठानों की जांच कर सुरक्षित रखरखाव के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 29 अप्रैल। छत्तीसगढ़ प्रशासन, नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन एवं जिला बलौदा बाजार के आदेशानुसार 27 अप्रैल से 11 मई तक जिले में नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य एवं औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 15 दिवसीय सघन जांच अभियान सही दवा शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम अन्तर्गत चलाया जा रहा है। जांच रिम द्वारा 2 दिन में 14 प्रतिष्ठानो का निरीक्षण किया और दवाइयों का सुरक्षित रख-रखाव के निर्देश दिये। प्रथम चरण के प्रथम दिवस में औषधि एवं प्रसाधन विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से जिला बलौदाबाजार में स्थित 8 कॉस्मेटिक एजेंसी एवं फर्मा का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान उपलब्ध कॉस्मेटिक उत्पादों की लेबलिंग एवं कय-विक्रय बिल की जांच कि गई। गुणवत्ता जाँच हेतु 2 कॉस्मेटिक उत्पादों का नमूना संकलन कर राज्य औषधि प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया। जाँच के दौरान कॉस्मेटिक उत्पाद केवल अधिकृत,लाइसेंसधारी विक्रेताओं से ही कय-विक्रय कर, बिलों का विधिवत संधारण, उत्पादों के उचित भंडारण एवं सुरक्षित रख-रखाव हेतु फर्मा को निर्देशित किया गया। द्वितीय दिवस कुल 7 थोक औषधि विक्रय परिसरों की जांच की गई एवं दवाओं को उचित तापमान पर भंडारण करने के निर्देश दिये गए।

संयुक्त टीम ने दुकानों, होटलों और कारखानों में दी चेतावनी; नियम उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी

बाल श्रम के खिलाफ सख्त अभियान शुरू,बच्चों को काम पर रखना अपराध

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 29 अप्रैल। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन में जिले में बाल श्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति पर रोक लगाने के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत बलौदाबाजार एवं कसडोल विकासखंड के विभिन्न क्षेत्रों में कारखानों, दुकानों, होटलों, ढाबों और पान ठेलों का निरीक्षण किया गया। टीम ने संस्थानों के संचालकों को बाल श्रम कानूनों की जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को काम पर रखना दंडनीय अपराध है। अभियान के दौरान 5 बच्चे 18 वर्ष से कम पाए गए जिन्हें बाल कल्याण समिति के

समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। अभियान के दौरान जिले में किसी भी बच्चे को भिक्षावृत्ति करते नहीं पाया गया, जो एक सकारात्मक संकेत है। हालांकि संभावित जोखिम को देखते हुए निगरानी और जागरूकता अभियान जारी रखने की बात कही गई। टीम ने सख्त चेतावनी दी कि यदि भविष्य में बाल श्रम या बाल भिक्षावृत्ति के मामले सामने आते हैं, तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ श्रम कानूनों के साथ-साथ किशोर न्याय अधिनियम के तहत भी कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत पांच वर्ष तक की सजा और एक से पांच लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इस अभियान में जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास, संरक्षण अधिकारी दीपक राय, चाइल्ड लाइन से परियोजना समन्वय नेहा तिवारी, मोरध्वज साहू, जिला बाल संरक्षण इकाई, श्रम विभाग, पुलिस विभाग और चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे बाल श्रम के खिलाफ जागरूक रहें और किसी भी उल्लंघन की सूचना तुरंत दें।

इस बार बंगाल की जनता डरने वाली नहीं है

पं.बंगाल की राजनीति में हिंसा करके लोगों को डराने का एक लंबा व पुराना इतिहास रहा है। चुनाव के पहले और चुनाव के बाद लोगों को डराने के लिए बहुत कुछ कहा जाता रहा है और किया जाता रहा है। पिछले दस साल मे यहां निष्पक्ष चुनाव कराना एक बड़ी चुनौती रही है क्योंकि टीएमसी के शासन में वोट न देने वालों को, वोट के जरिए विरोध करने वालों को चुनाव के पहले हिंसा कर डराया जाता रहा है और चुनाव के बाद वोट न देने वालों के साथ कई तरह की हिंसा की जाती रही है। पिछले दो चुनावों में ऐसा किया जाता रहा है ताकि कोई उनको विरोध करने की हिम्मत न करे और उनके खिलाफ वोट डालने की हिम्मत न कर सके। किसी राज्य मे जब लोग बिना डरे वोट न दे सकें तो वहां लोकतंत्र है इस पर कैसे यकीन किया जा सकता है। पं. बंगाल मे एक चरण का वोट हो चुका है और दूसरे चरण का वोट बुधवार को होना है। पहले चरण में तो ९० प्रतिशत से ज्यादा वोट होने से माना जा रहा है कि इस बार का चुनाव पिछले दो बार हुए चुनाव से अलग है। इस बार राज्य की जनता को सुरक्षा का एहसास दिलाने का प्रयास सुप्रीम कोर्ट के साथ चुनाव आयोग ने अभूतपूर्व प्रयास किए हैं। वोटिंग के दौरान कोई हिंसा न हो तथा लोग बिना डरे अपने वोट के अधिकार का प्रयोग कर सकें इसके लिए देश के इतिहास में पहली बार बड़ी संख्या में जवान तैनात किए गए है। इस वजह से पहले चरण के मतदान में पहले की तरह हिंसा नहीं हो सकी। एसआईआर के कारण जिनको वोट देने का अधिकार था, वही वोट दे सके हैं और बिना डरे वोट दे सकें है, इससे जनता में यह भरोसा पैदा हुआ है कि वह अब बंगाल में अपने मन से किसी को वोट दे सकते हैं, उन पर वोट डालने के लिए कोई दवाब नहीं डाल सकता।इस वजह से बड़ी संख्या में लोगों ने वोट डाले हैं। पहले चरण में जनता ने उत्साह से किसी के पक्ष में और किसी के विरोध में जमकर वोट किया है। इससे जीतने वालों के खुशी है कि वह निष्पक्ष व बिना डरे लोगों ने उनको वोट दिया है, वहीं हारने वालों को इस बात का मलाल है कि हमारा आतंक का राज समाप्त हो गया है, हमारा डर खत्म हो गया है। इससे हमको हराने वालों को वोट देने का मौका मिल गया है और वह हमारे खिलाफ वोट देने से सफल रहे हैं। बंगाल मे लोगों ने बिना डरे वोट दिया है, किसी को हराने के लिए वोट दिया है तो इसका श्रेय चुनाव आयोग व सुप्रीम कोर्ट को जाता है। जिन्होंन टीएमसी व ममता की एक नहीं सुनी और उनको वह सब करने की आजादी नही दी जो वह चुनाव में करते रहे हैं और चुनाव जीतते रहे हैं।पहले चरण के वोट के बाद लोगों को इस बात की खुशी है कि वह बंगाल में बदलाव चाहते हैं और उसके लिए वह वोट दे पा रहे हैं। पं. बंगाल के लोगों के लिए अमित शाह का यह आश्वासन भी मायने रखता है कि पं.बंगाल में चुनाव के बाद भी दो माह सुरक्षा बल के जवान तैनात रहेंगे ताकि चुनाव के बाद टीएमसी के कार्यकर्ता व नेता व अपने विरोधियों व वोट न देने वालों के साथ जो खुल मारपीट व हिसा करते है, वह न कर सकें यानी चुनाव में कोई टीएमसी के खिलाफ वोट देने वाला है तो वह आश्वस्त हो सके कि अब तक चुनाव के बाद जो हिंसा उऩके साथ होती रही है,वह इस बार नहीं होने वाली हैं। पहले चुनाव खत्म होने के बाद टीएमसी वाले चुनाव में उनका साथ न देने वालों से सबक सिखाते रहे हैं। ताकि लोगों में डर रहे कि चुनाव के उनको टीएमसी के कहर से कोई बचाने वाला नहीं है और वह टीएमसी का किसी तरह का कोई विरोध न कर सकें। टीएमसी के खिलाफ वोट देना चाहे तो वोट न दें सकें। इस चुनाव में टीएमसी के हारने के कई कारण गिनाए जा रहे हैं । एक कारण तो उनका अलोकतांत्रिक रवैया रहा है। उनका लोकतंत्र में भरोसा नहीं रहा है, इस वजह से इस बार पं बंगाल के लोग टीएमसी से निजात पाना चाहते हैं और वह जानते हैं कि टीएमसी से निजात पाने के लिए इस बार चुनाव आयोग व सुप्रीम कोर्ट ने जो काम किए हैं, उससे वह टीएमसी से निजात पा सकते हैं। टीएमसी से निजात पाने के लिए लोग बंपर वोट कर रहे हैं। इसका टीएमसी के नेता समझ रहे है और लोगों को आखिरी बार डराने का प्रयास कर रहे है कि चार मई को बाद आपको कौन बचाएगा। चार मई के बाद सबका हिसाब होगा। इससे पहले टीएमसी जनता का हिसाब करे लगता है कि इस बार जनता ही टीएमसी का हिसाब एक चरण में कर चुकी है और दूसरे चरण मे करने वाली है। जनता से पंगा लेकर कोई राजनीतिक दल सत्ता में ज्यादा दिन नही रह सकता वह दल भले ही टीएमसी ही क्यों न हो।

पर्यावरण

तपती धरती:कारण और समाधान

निर्मल रानी

उत्तर भारत के पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़,ओडिशा व प. बंगाल जैसे राज्य इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में हैं। इन राज्यों में कई जगहों पर तापमान 40 डिग्री से लेकर 44 डिग्री तक पहुंच गया है। पिछले दिनों भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा हीटवेव अलर्ट भी जारी किया जा चुका है। मौसम विभाग ने अपनी चेतावनी में लू चलने और तापमान में 4 डिग्री तक बढ़ोतरी होने की संभावना को लेकर लोगों को सचेत किया है। पिछले कुछ वर्षों से लगभग हर साल गर्मी के तापमान में इज़ाफ़ा होता ही जा रहा है। जीवन के लिये एकमात्र ग्रह पृथ्वी गत दो दशकों से ग्लोबल वार्मिंग का निरन्तर प्रभाव झेल रही है। इसके अलावा भी वैज्ञानिकों द्वारा भारत में तेज़ गर्मी के और भी कई कई कारण बताये जा रहे हैं। इन कारणों में ख़ासकर जलवायु परिवर्तन के अलावा हीट डोम और अल नीनो प्रभाव को रेखांकित किया जा रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार उच्च दबाव प्रणाली गर्म हवा को ज़मीन के पास फंसाकर 'ढक्कन' की तरह काम करती है, जिससे तापमान तेजी से बढ़ता है। परिणाम स्वरूप compression heating से गर्मी और तीव्र हो जाती है। उधर पहले से हो रहा जलवायु परिवर्तन, सूखी मिट्टी और कम वनस्पति (वृक्ष कटान) इसे बढ़ावा देते हैं। इसी को हीट डोम प्रभाव कहा जाता है। इसके अतिरिक्त ग्रीनहाउस गैसों से वैश्विक तापमान बढ़ रहा है। इसने हीटवेव की तीव्रता और इसकी अवधि दोनों को ही बढ़ा दिया है। बताया जा रहा है कि 2026 में दुनिया के 100 सबसे गर्म शहरों में 92 शहर केवल भारत में हैं। इन गर्म क्षेत्रों में केवल दिन ही नहीं बल्कि यहां की रातें भी गर्म रहती हैं। इसे 'सीवियर वार्म नाइट' कहते हैं। यह स्थिति जलवायु परिवर्तन का ही नतीजा है। साथ ही इस हीट वेव पर अल नीनो का प्रभाव भी बताया जा रहा है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि 2026 में सुपर अल नीनो की आशंका से रिकॉर्ड गर्मी पड़ना भी संभव है। अल नीनो का प्रभाव ही प्रशांत महासागर में गर्म पानी का दौर हवाओं को कमज़ोर कर भारत में गर्मी और कम मानसून लाता है। इसी के साथ गर्मी को बढ़ने में अनियंत्रित शहरीकरण की भी बड़ी भूमिका है। देश में चारों ओर खेत व जंगल वृक्ष निरन्तर कम होते जा रहे हैं। और शहरीकरण के नाम पर कंक्रीट के जंगल बढ़ते जा रहे हैं। लिहाज़ा 'अर्बन हीट आइलैंड' का प्रभाव और कंक्रीट-आधारित विकास इसके लिए ख़ासकर ज़िम्मेदार हैं। यह कंक्रीट के जंगल दिन में गर्मी को सोखते हैं और रात में इसे छोड़ते हैं। उधर शहरों में होती जा रही पेड़-पौधों की कमी से वातावरण में नमी घटती जा रही है। यही वजह है कि दिल्ली व अहमदाबाद जैसे महानगरों में रातें पूर्व की तुलना में 60% अधिक गर्म होने लगी हैं।

शहरों में कंक्रीट, डामर और सीमेंट की पक्की इमारतें सूर्य की गर्मी सोख लेती हैं तथा रात में धीरे-धीरे छोड़ती हैं, जिससे तापमान ग्रामीण क्षेत्रों से 5-10 डिग्री अधिक रहता है। पेड़-पौधों और हरियाली की कमी से वाष्पीकरण घटता है, जो प्राकृतिक शीतलन प्रदान करता। साथ ही वाहनों, एसी और उद्योगों से निकलने वाली गर्मी इसे और भी तीव्र बनाती है। गोया भारतीय शहरों में बढ़ता शहरीकरण बढ़ते तापमान के लिये 60% तक ज़िम्मेदार है। और यही तापमान वृद्धि प्रति दशक 0.2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि करता है। शहरीकरण ने गर्मी में 90% इज़ाफ़ा किया है तथा रात्रिकालीन सतह तापमान लगभग 70-80% तक बढ़ा है। मिसाल के तौर पर जमशेदपुर में शहरीकरण ने तापमान वृद्धि में 100% योगदान दिया। ऐसे में सबसे ज्वलंत प्रश्न यही है कि आख़िर तापमान वृद्धि की ज़िम्मेदार हमारी वर्तमान पीढ़ी क्या अपनी आने वाली नस्लों को भी ऐसी ही या इससे भी अधिक तपती पृथ्वी देकर जायेगी या इससे बचने के कुछ उपाय करना चाहेगी ? इसके लिये सबसे पहले भारतीय शहरों में हरित आवरण को विस्तार देने की सख़्त ज़रूरत है। हालाँकि इसके लिये अनेक सरकारी योजनाएं व स्थानीय उपाय प्रभावी हैं जोकि शहरी गर्मी कम करने में हमारी सहायता करते हैं। इसके लिये बाक़ायदा कार्य योजना बनाकर तथा वर्षाऋतु के आरंभ से ही सरकारी और नगर निकाय भूमि पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाये जा सकते हैं। कई राज्य इस दिशा में सक्रियता से काम भी कर रहे हैं। वृक्षारोपण को एक आंदोलन का रूप देने के लिये हर व्यक्ति अपने परिवार के शादी ब्याह,मैरिज एनिवर्सरी,बर्थडे, जन्म मृत्यु बरसी जैसे अवसरों पर वृक्षारोपण कर इन अवसरों को यादगार बनाने के साथ साथ जलवायु को बेहतर बनाने की दिशा में भी अपना क़ीमती योगदान दे सकता है। इसके अलावा हर व्यक्ति जहां ज़मीन कम हो वहां अपने घरों की छतों पर रूफ़ गार्डनिंग कर सकता है और वर्टिकल गार्डन भी लगा सकते हैं। अपने घरों के खुले क्षेत्र में अधिक से अधिक गमले लगाकर भी तापमान को काफ़ी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है तथा ताज़ी ऑक्सीजन प्राप्त की जा सकती है। ग़ौरतलब है कि कोरोना काल में जब देशभर में अचानक कोरोना प्रभावित लोगों के लिये ऑक्सीजन की कमी पैदा हुई थी उस समय लोगों को हरियाली और वृक्षारोपण की ख़ूब याद आई थी। कई बीमार लोग तो खेतों में पेड़ों के नीचे बैठकर स्वास्थ्य लाभ लेते देखे गये। इस आपदा ने ऑक्सीजन को लेकर लोगों में इतनी जागरूकता बढ़ायी कि उसी समय से गमलों व पौधों की नर्सरी का व्यवसाय कई गुना बढ़ गया। बहरहाल भविष्य में तापमान वृद्धि से बचने व इसके दीर्घकालिक उपाय करने के साथ साथ तात्कालिक रूप से शरीर पर पड़ने वाले इसके दुष्प्रभाव से बचाव करना भी बेहद ज़रूरी है। इसके लिए सबसे पहले अपने शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाना और शरीर को हाइड्रेटेड रखना सबसे ज़रूरी है। इसके लिये बहुत सारा पानी पीना चाहिये और बार बार पीना चाहिए। इसके अलावा नारियल पानी, नींबू पानी, सत्तू व ओआरएस जैसे शीतल पेय भी शरीर के तापमान को नियंत्रित रखने में मददगार होते हैं और डिहाइड्रेशन रोकते हैं। ज़ीरा, धनिया या ख़स मिला ठंडा पानी भी इसके लिये बहुत फ़ायदेमंद है। इसके साथ ही अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से भी बचना चाहिये। इसके साथ ही घरों में पर्दे,सनशेड आदि लगाकर धुप को रोका जा सकता है। रात के समय खिड़कियां खुली रखने,पंखा चलने व आवश्यकता हो तो गीले कपड़े पहनने या ठन्डे पानी से नहाने व पैरों को ठन्डे पानी में भिगोकर रखने से भी प्रचंड गर्मी से राहत पाई जा सकती है। इस मौसम में आहार में भी सावधानियां बरतने की ज़रुरत है। हल्का व पौष्टिक भोजन लेना चाहिये। जंक फ़ूड को तो पूरी तरह नज़रअंदाज़ करना चाहिए। इसप्रकार से धरती के इस बढ़ते तापमान का हम किसी हद तक मुक़ाबला कर सकते हैं।

आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में उच्च अधिकारियों के द्वारा शुभ समाचार मिलेगा।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए आनंदायक रहने वाला है। आपको अपनी वाणी की मधुरता को बनाए रखना है। आपके मित्र आपसे मिलने आएगा, जिनसे मिलकर पुरानी यादें ताजा होंगी।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। प्रतिदिन की दिनचर्या में सैर को शामिल करेंगे, जिससे आप अपने आप को काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। परिवार के सभी लोग मिलकर किसी पार्टी में सम्मिलित होंगे, जहां अन्य लोगों से मेल-मिलाप होगा। किसी खास व्यक्ति से हुई मुलाकात से आपका रुका हुआ काम पूरा करायेगी।

सिंह राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। संतान को अच्छी नौकरी मिलने से माता-पिता काफी खुश नजर आएंगे। आपको काफी समय से चल रही स्वास्थ्य संबंधी समस्या से छुटकारा मिलेगा।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है। इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप किसी मनपसंद जगह पर ट्रांसफर ले सकते हैं। आपको उम्मीद से अधिक लाभ की संभावना बढ़ेगी।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने काम में कुछ नए विचार लाएंगे। आपका सकारात्मक रवैया ही आपको नौकरी में तरक्की दिलाएगा।

धनु राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। आज आप किसी विशेष काम का हिस्सा बन सकते हैं।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। यदि आप कंस्ट्रक्शन के बिजनेस जुड़े हुए हैं तो आपके के लिए लाभ के योग हैं आप अपने काम में परिवर्तन लाने का मन बना सकते हैं।

कुंभ राशिः आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा। समाज में आपके काम को सराहा जायेगा। शाम का समय आप अपने परिवार के साथ बिताएंगे, परिवार में हंसी ख़ुशी का माहौल बना रहेगा।

मीन राशिः आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप फाइनेंस डिपार्टमेंट या सेल्स में काम करते हैं तो आपको आपकी नॉलेज से काफी फायदा होगा। वैवाहिक जीवन में स्थिति अच्छी रहने वाली है। लेकिन समय के साथ सब ठीक हो जाएगा। रिश्तों में ईमानदारी बनाए रखें, आपके लिए अच्छा रहेगा।

व्यंग्य

शीशे के पार एक अधूरी चीख

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

उस अठारह गुणा चौबीस के कांच के टुकड़े पर एक अजीब सी खामोशी पसरी थी। ड्रेसिंग टेबल के उस पार खड़ी माया अपनी उंगलियों से उस सतह को सहला रही थी, जहाँ सूखे गोंद के निशानों ने एक अजीब सा नक्शा बना दिया था। वहां लाल, नीली और सुनहरी बिंदियों का एक जमघट था। कुछ के रंग उड़ चुके थे, कुछ का मखमल घिस गया था, और कुछ बस अपनी आखिरी सांसें गिनते हुए कांच से लटकी थीं। "तुम इन्हें हटाती क्यों नहीं?" मैंने गलियारे से गुजरते हुए पूछा। माया ने बिना मुड़े जवाब दिया, "इतिहास मिटाया जाता है, विसर्जित नहीं किया जाता।" उसकी आवाज में वह भारीपन था जो अक्सर पुराने मकानों की सीलन में होता है। वह आईना नहीं था, वह उन लम्हों की एक ऐसी नुमाइश थी जहाँ हर बिंदी एक मुकम्मल दास्तान दबाए बैठी थी। शहर के इस शोरगुल वाले फ्लैट में वह कोना एक ऐसी शांत घाटी बन गया था, जहाँ समय रुकने का ढोंग कर रहा था। जैसे-जैसे दिन ढलते गए, उस कांच पर बिंदियों की तादाद बढ़ती ही गई। ऐसा लगता था कि माया अपनी माथे की रौनक को हर रात उस ठंडे कांच पर गिरवी रख देती है। "आज फिर एक नई?" मैंने छेड़ा। उसने शीशे में मुझे देखते हुए कहा, "सिर्फ एक और गवाह।" वह आईना अब एक चेहरा नहीं, बल्कि एक रोजनामचा बन चुका था। हर बिंदी एक हार थी, एक समझौता था, या शायद किसी अनकही चीख का मौन स्मारक। धूल की एक परत ने उन पर अपनी चादर बिछा दी थी, जिससे वे किसी प्राचीन शिलालेख की तरह दिखने लगी थीं। मोहल्ले की औरतें कहती थीं कि माया का श्रृंगार उसकी ताकत है, पर मुझे उस आईने को देखकर लगता था कि वह कांच हर रोज उसकी रूह का एक कतरा नोच लेता है और बदले में एक बेजान बिंदी चिपका देता है। एक रात बारिश की झड़ी लगी थी। कमरे में बिजली गुल थी और मोमबत्ती की लौ में वे बिंदियां दीवारों पर डरावने साये बना रही थीं। हवा की सरसराहट से भी डर लग रहा था। मैंने देखा कि माया उस आईने के सामने बैठी रो रही थी। नहीं, वह रो नहीं रही थी, वह हँस रही थी—एक ऐसी हँसी जो रूह को भीतर तक कंपा दे। "क्या ढूँढ रही हो उसमें?" मैंने कांपती आवाज में पूछा। उसने उन अनगिनत बिंदियों के बीच एक खाली जगह की तरफ इशारा किया। "वहां एक कमी है," वह बुदबुदाई। उसकी बातें किसी अनसुलझी पहेली की तरह लग रही थीं। ऐसा लग रहा था मानो वह कांच कोई मूक दर्शक नहीं, बल्कि एक ऐसा शिकारी है जो धीरे-धीरे हमारे घर की खुशियों को अपनी मखमली गिरफ्त में ले चुका है। वातावरण में एक ऐसी बेचैनी थी कि जैसे कोई बड़ा धमाका होने वाला हो, पर शोर बिल्कुल गायब था। सुबह जब सूरज की पहली किरण ने उस आईने को छुआ, तो मंजर वह नहीं था जिसकी कल्पना किसी ने की होगी। कमरा खाली था, खिड़की खुली थी और हवा में एक अजीब सी गंध थी। मैं भागकर ड्रेसिंग टेबल के पास पहुंचा। वहां आईने पर लगी वे तमाम बिंदियां गायब थीं। वहां बस एक साफ, चमकता हुआ कांच था। पर जैसे ही मेरी नजर नीचे पड़ी, मेरी चीख गले में ही फंस गई। फर्श पर माया का शरीर बेजान पड़ा था। उसके माथे पर एक भी बिंदी नहीं थी। बल्कि, वे सारी पुरानी, फीकी और धूल भरी बिंदियां अब माया के पूरे चेहरे पर नहीं, उसकी बंद आंखों के पपोटों पर, उसके होंठों पर और उसके गले के घाव पर चिपकी हुई थीं। कांच अब पूरी तरह खाली था, क्योंकि रूह ने अपना 'कब्रिस्तान' आईने से बदलकर देह को चुन लिया था। वह आईना अब मुझे देख रहा था। उसके ठीक बीचों-बीच मेरे अपने खून से एक बिंदी लगी थी, जो मैंने खुद रात के अंधेरे में अपने माथे से उतारकर वहां चिपकाई थी, बिना यह जाने कि मैं भी उस अंतहीन कतार का अगला हिस्सा बन चुका हूँ।

गुजरात नगर निकाय और पंचायत चुनाव में फिर खिला कमल

संजय सक्सेना,लखनऊ,

गुजरात की राजनीतिक जमीन पर एक बार फिर भाजपा ने अपनी मजबूत पकड़ दिखा दी है। अगले साल विधानसभा चुनावों से ठीक पहले हुए नगर निकाय और पंचायत चुनावों में भाजपा ने जबरदस्त प्रदर्शन किया, जिससे विपक्षी दलों के चेहरों पर हताशा छा गई। इस बार कुल पंद्रह नगर निगमों, चौंऔंनवे नगर पालिकाओं, चौंतीस जिला पंचायतों और ढाई सौ साठ तालुका पंचायतों में मतदान हुआ। नवसारी, गांधीधाम, मोरबी और वापी समेत नौ नए नगर निगमों में भी पहली बार वोट पड़े, और इन सबमें भाजपा ने कमाल कर दिखाया। मतदान में करीब अठारह लाख मतदाताओं ने हिस्सा लिया, जो कुल मतदाताओं का पचपन प्रतिशत से ज्यादा है। बड़े शहरों में भाजपा को खासा समर्थन मिला, जिसने पार्टी को मनोवैज्ञानिक बढ़त दे दी। यह जीत न केवल स्थानीय मुद्दों पर केंद्रित रही, बल्कि विकास, बुनियादी सुविधाओं और शासन की दक्षता पर जनता के भरोसे को भी उजागर करती है। विपक्षी दल, खासकर कांग्रेस, को इन चुनावों में करारी शिकस्त मिली, जो उनकी कमजोर संगठन क्षमता और जनाधार खोने का संकेत देती है। इस जीत ने गुजरात की जनता के मनोबल को ऊंचा कर दिया है। भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई है, जबकि विपक्षी खेमे में सन्नाटा पसर गया। राज्य सरकार के विकास कार्यों, जैसे सड़कें, पानी की आपूर्ति, स्वच्छता अभियान और बिजली व्यवस्था पर जनता का विश्वास मजबूत हुआ है। बड़े शहरों में भाजपा ने न केवल सीटें हथियाईं, बल्कि पार्षदों की संख्या में भी भारी बढ़ोतरी की। छोटे नगरों और ग्रामीण इलाकों में भी यही कहानी दोहराई गई। यह चुनाव गुजरात मॉडल के पक्ष में एक बड़ा स्टांप लगाने जैसा साबित हुआ। जनता ने साफ संदेश दिया कि स्थानीय स्तर पर शासन की गुणवत्ता ही असली मुद्दा है। भाजपा ने जातिगत समीकरणों को तोड़ते हुए व्यापक समर्थन जुटाया, जो उसके संगठन की ताकत को दर्शाता है। नगर निगम चुनावों में भाजपा ने अपनी ताकत का पूर्ण प्रदर्शन किया। पंद्रह नगर निगमों में से अधिकांश में भाजपा ने साफ बहुमत हासिल कर लिया। अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा, राजकोट जैसे प्रमुख शहरों में भाजपा ने पार्षदों की भारी संख्या जीती। इन शहरों में विकास कार्यों का श्रेय लेकर भाजपा ने मतदाताओं का दिल जीत लिया। उदाहरण के लिए, अहमदाबाद नगर निगम में भाजपा ने कुल सीटों में से आधे से ज्यादा पर कब्जा जमाया। सूरत में भी यही हाल रहा, जहां व्यापारी वर्ग ने भाजपा को जमकर समर्थन दिया। नए नगर निगमों जैसे गांधीधाम और वापी में पहली बार चुनाव होने पर भाजपा ने सारी सीटें जीत लीं। यह नई जगहों पर भी पार्टी की पैठ बढ़ने का प्रमाण है। कांग्रेस को इन चुनावों में बुरी तरह पछाड़ा गया। जहां भाजपा ने बड़े शहरों में मजबूत बढ़त बनाई, वहीं कांग्रेस को छोटे-मोटे लाभ ही मिले। सूरत और वडोदरा जैसे शहरों में कांग्रेस का खाता तक नहीं खुला। आम आदमी पार्टी ने भी कुछ जगहों पर कोशिश की, लेकिन नतीजे निराशाजनक रहे। जनता ने कांग्रेस को ठुकरा दिया क्योंकि पार्टी स्थानीय मुद्दों पर कमजोर रही। भाजपा ने स्वच्छता, सीवरेज व्यवस्था और सड़क निर्माण जैसे कार्यों पर जोर देकर मतदाताओं को आकर्षित किया। मतदान प्रतिशत पचपन से ऊपर रहने से साफ पता चलता है कि शहरी मतदाता सक्रिय थे और उन्होंने भाजपा के पक्ष में फैसला लिया। यह जीत भाजपा को अगले विधानसभा चुनावों में शहरी सीटों पर मजबूत स्थिति देगी। विपक्ष को अब आत्ममंथन करना होगा कि आखिर जनता ने उन्हें क्यों नकार दिया।

उधर, पंचायत चुनावों ने भाजपा की ग्रामीण पकड़ को और पुख्ता कर दिया। चौंतीस जिला पंचायतों और ढाई सौ साठ तालुका पंचायतों में भाजपा ने बहुमत हासिल किया। ग्रामीण इलाकों में पानी की व्यवस्था, बिजली पहुंच, स्कूलों का निर्माण और कृषि योजनाओं पर भाजपा के प्रयासों को जनता ने सराहा। जिला पंचायतों में भाजपा ने साठ प्रतिशत से ज्यादा सीटें जीतीं। तालुका स्तर पर भी यही ट्रेंड दिखा। छोटे गांवों से लेकर बड़े तहसील मुख्यालयों तक भाजपा का बोलबाला रहा। कांग्रेस को पंचायतों में भी करारी हार मिली। कई जगहों पर कांग्रेस उम्मीदवार जमानत जब्त कराने पर रह गए। आम आदमी पार्टी का प्रभाव ग्रामीण क्षेत्रों में न के बराबर रहा। जनता ने भाजपा को अपनाया क्योंकि पार्टी ने ग्रामीण विकास पर ठोस कदम उठाए। मनरेगा जैसी योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करने, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार और स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना ने ग्रामीण मतदाताओं का दिल जीता। विपक्ष को ठुकराने का कारण उनकी वादाखिलाफी और संगठन की कमजोरी रही। भाजपा ने ओबीसी, आदिवासी और पटेल समुदायों में अपनी पैठ मजबूत की। यह जीत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों के लिए भाजपा को मजबूत आधार देगी। बहरहाल, इन चुनावों के नतीजों से साफ है कि जनता ने भाजपा को अपनाया और विपक्ष को ठुकरा दिया। भाजपा को कुल मिलाकर अस्सी प्रतिशत से ज्यादा सीटें मिलीं, जो उसके शासन पर भरोसे को दर्शाता है। बड़े शहरों में शहरी विकास और ग्रामीण इलाकों में बुनियादी सुविधाओं ने भाजपा को आगे रखा। कांग्रेस की हार उनकी आंतरिक कलह और कमजोर नेतृत्व का नतीजा है। आम आदमी पार्टी नया खिलाड़ी होने के बावजूद असफल रही। जनता ने स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता दी, जैसे स्वच्छता, पानी, बिजली और सड़कें। भाजपा ने इन पर बेहतर प्रदर्शन किया। यह जीत अगले विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा को मनोवैज्ञानिक बढ़त देगी। विपक्ष को अब मजबूत रणनीति बनानी होगी। गुजरात की जनता ने विकास मॉडल को चुना, जो भाजपा की लगातार जीत का राज है। कुल मिलाकर, यह चुनाव गुजरात की राजनीति में भाजपा के प्रभुत्व को स्थापित करते हैं।

सू- दोकू क्र.023

	9		1	6		2		7
3								
		6					9	
7			5		1		3	
	8			9		6		2
		4					7	
	3				2	9		6
6		7	3					4
	4			1		7	8	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.022का हल

2	6	3	9	8	7	1	5	4
8	5	1	3	2	4	6	7	9
9	4	7	1	5	6	8	2	3
3	9	8	6	7	1	5	4	2
6	1	2	5	4	3	9	8	7
5	7	4	8	9	2	3	1	6
1	2	6	7	3	5	4	9	8
4	8	5	2	6	9	7	3	1
7	3	9	4	1	8	2	6	5

शब्द सामर्थ्य -023

एक नजर

जगदलपुर में हाईकोर्ट खंडपीठ की मांग को कांग्रेस पार्षद दल का समर्थन, सामान्य सभा में प्रस्ताव पारित कराने की पहल की

जगदलपुर 29 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की खंडपीठ स्थापित करने की मांग ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है। नगर पालिक निगम जगदलपुर में नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षद दल ने इस जनहित की मांग को पूरा समर्थन देते हुए सामान्य सभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कराने की पहल की है। इस संबंध में कांग्रेस पार्षद दल ने नगर निगम अध्यक्ष (स्पीकर) को ज्ञापन सौंपते हुए विशेष सम्मेलन (सामान्य सभा) आयोजित करने की मांग की है, ताकि सभी पार्षदों की सहमति से प्रस्ताव पारित कर इसे राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के समक्ष भेजा जा सके। नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में हाईकोर्ट की खंडपीठ की मांग कई वर्षों से लंबित है। वर्तमान में बस्तर जिला अधिवक्ता संघ और बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त प्रयासों से इस मुद्दे को फिर उठाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बस्तरवासियों को न्याय के लिए लगभग 650 से 700 किलोमीटर दूर उच्च न्यायालय तक जाना पड़ता है, जिससे समय और आर्थिक दोनों तरह की परेशानी होती है। उन्होंने यह भी कहा कि भाषा और स्थानीय परिस्थितियों की भिन्नता के कारण ग्रामीण और शहरी नागरिकों को न्याय पाने में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यदि जगदलपुर में हाईकोर्ट की खंडपीठ स्थापित होती है, तो स्थानीय लोगों को सुलभ और त्वरित न्याय मिल सकेगा। राजेश चौधरी ने सभी जनप्रतिनिधियों से इस जनहित की मांग पर एकजुट होने की अपील करते हुए कहा कि बिना किसी भेदभाव के इस मुद्दे का समर्थन करना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने भाजपा पार्षदों से भी इस विषय पर सहमति बनाने का आग्रह किया। कांग्रेस पार्षद दल ने स्पष्ट किया है कि वे इस मांग को लेकर भविष्य में होने वाले आंदोलनों में भी सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। साथ ही, नगर निगम की सामान्य सभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर राज्यपाल और मुख्यमंत्री को मांग पत्र भेजना ही उनका मुख्य उद्देश्य है।

कॉन्टिनेंटल सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के खिलाफ कांग्रेस का ज्ञापन, अनियमितताओं की जांच की मांग

जगदलपुर 29 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने कॉन्टिनेंटल सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के विरुद्ध कथित अनियमितताओं की जांच और उचित कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्टर बस्तर को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा सौंपा गया। सुशील मौर्य ने आरोप लगाया कि शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीजों से 350 रुपये परामर्श शुल्क वसूला जा रहा है, जो नियमों का उल्लंघन है। साथ ही, 'आयुष्मान भारत' योजना के तहत पात्र बीपीएल और एपीएल कार्डधारकों को इलाज की सुविधा नहीं दी जा रही है, जिससे मरीजों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल प्रबंधन जिला अस्पताल और शहीद बलिराम कश्यप शासकीय मेडिकल कॉलेज के अनुभवी डॉक्टरों को अधिक वेतन और लाभ का प्रलोभन देकर अपने यहां नियुक्त कर रहा है। इससे सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ सेवाओं की कमी हो रही है और गरीब मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस ने यह भी कहा कि एनएमडीसी द्वारा अस्पताल के संचालन के लिए प्रतिवर्ष लगभग 53 करोड़ रुपये की सहायता दी जा रही है। ऐसे में अस्पताल में मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल की तर्ज पर सस्ती चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इसके बावजूद अस्पताल प्रबंधन द्वारा 900 रुपये तक ओपीडी शुल्क और महंगी जांच दरें वसूली जा रही हैं, जो अनुचित है। मौर्य ने कहा कि अस्पताल और सरकार के बीच हुए एमओयू की शर्तों का पालन किया जाना चाहिए, ताकि एनएमडीसी की फैंडिंग का लाभ आम जनता को मिल सके। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि वर्ष 2019-20 में तत्कालीन राज्य सरकार ने इस परियोजना में 40 प्रतिशत राशि इस शर्त पर दी थी कि बस्तरवासियों को सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी, लेकिन वर्तमान में इस वादे की अनदेखी की जा रही है। कांग्रेस पार्टी ने कलेक्टर से मांग की है कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और नियमों का उल्लंघन करने वाले अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि मरीजों को न्याय मिल सके।

कोंडागाँव जिला के पाँच शिक्षकों को मिला राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कोंडागाँव 29 अप्रैल। रायपुर में आयोजित भारत के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से जुड़ा एक मात्र तथा देश का सबसे बड़ा नवाचारी शिक्षा समूह भारत छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों द्वारा निर्मित एवं संचालित स्व प्रेरित नवाचारी गतिविधियां समूह भारत द्वारा आयोजित राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह राष्ट्रीय शैक्षणिक संप्रवाह 2025-26 का आयोजन 25 अप्रैल को रायपुर में स्वामी आत्मानंद प्रो. जे एन पाण्डेय शास उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्च माध्य. विद्यालय में आयोजित किया गया। इसमें केशकाल विकास खण्ड से शिक्षिका दीपिका कोडोपी पी एम श्री प्रा. शा. हर्वेल और भुवनेश्वर प्रसाद आग्रे प्रा. शा. नयापारा सिंगनपुर कोंडागाँव विकास

खंड से गीतांजलि भोई, परसगाँव विकास खण्ड से खमदेव दीवान और बड़े राजपुर विकास खंड से संदीप कुमार सेन को राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न से सम्मानित किया गया

कई वरणों के बाद हुआ सम्मान के लिए चयन

समूह प्रमुख संजीव सूर्यवंशी एवं जिला टीम ने बताया कि इस सर्वप्रथम इसके लिए समूह के आफिसियल वेबसाईट के माध्यम से निःशुल्क आनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया।

पूरे देश से 700 अधिक से सहित छत्तीसगढ़ से 400 से ज्यादा नॉमिनेशन प्राप्त हुए. इन आवेदन की अच्छे से जांच कर, समूह के द्वारा गठित समिति द्वारा नामित शिक्षकों का साक्षात्कार लिया गया एवं उनके आवेदन फर्म से संबंधित से उनके कार्यों के प्रमाण में दस्तावेज मांगे गए थे।दस्तावेजों का उच्च चयन समिति द्वारा गहनता से परीक्षण किया गया. स्थानीय टीम के प्रमाणीकरण सहित आवश्कतानुसार क्रास इंटरव्यू के पश्चात चयन सूची जारी किया गया।

इस अवसर पर छ. ग.माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर के उपसचिव रघु सर, समग्र शिक्षा के उपसंचालक श्री ए के सारस्वत सर, रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी श्री हिमांशु भारती सर, डीएमसी सर अरुण कुमार शर्मा, एवं प्राचार्य सुचिता पाण्डे आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

जिले के शिक्षकों की इस उपलब्धि पर जिला कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना,जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान,जिला मिशन समन्वयक श्री ईमल सिंह बघेल ने सभी को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

अस्थायी समिति के कार्यों को वक्फबोर्ड का समर्थन, चुनाव में देरी की वजह बताई जांच और न्यायालयीन प्रक्रिया

अंजुमन इस्लामिया कमेटी में चुनाव को लेकर विवाद वक्फ संपत्तियों को अतिक्रमण मुक्त कराने का जहीरूद्दीन ने किया दावा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर 29 अप्रैल। शहर की प्रमुख सामाजिक-धार्मिक संस्था अंजुमन इस्लामिया कमेटी एक बार फिर विवादों के केंद्र में है। हालांकि इस पूरे घटनाक्रम में अस्थायी समिति के अध्यक्ष डॉ. एस. जहीरूद्दीन का पक्ष मजबूत नजर आ रहा है, जिन्हें वक्फबोर्ड और समाज के एक बड़े वर्ग का समर्थन प्राप्त हो रहा है।

जानकारी के अनुसार, पूर्व में कमेटी के सदर सलीम रज्जा के कार्यकाल के दौरान वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आए थे, जिसके बाद पुनः चुनाव कराए गए और हाजी हाशिम खान सदर चुने गए। उनके कार्यकाल में कमेटी का संचालन लंबे समय तक बिना विवाद के चलता रहा, लेकिन कार्यकाल समाप्त होने के बाद चुनाव नहीं कराए जाने से समाज में असंतोष बढ़ने लगा।

स्थिति तब और गंभीर हो गई जब तत्कालीन नेतृत्व पर भ्रष्टाचार के आरोप लगने लगे। मुस्लिम समाज के लोगों ने एकजुट होकर पुलिस और प्रशासन के समक्ष शिकायत दर्ज कर जांच की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए बस्तर कलेक्टर के हस्तक्षेप पर एसडीएम स्तर की जांच समिति गठित की गई।

जांच पूरी होने तक कमेटी के कार्यों को प्रभावित न होने देने के उद्देश्य से प्रशासन और समाज की सहमति से एक अस्थायी समिति का गठन किया गया,

जिसमें डॉ. एस. जहीरूद्दीन को सदर नियुक्त किया गया। साथ ही यह तय हुआ कि 16 माह के भीतर जांच पूरी कर चुनाव कराया जाएगा। हालांकि समिति का कहना है कि जांच अभी भी अधूरी है, जिसके चलते चुनाव संभव नहीं हो पाया है।

इसी बीच कुछ समाज के लोगों और युवाओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क पर उतरकर डॉ. जहीरूद्दीन पर आरोप लगाए। लेकिन दूसरी ओर, तरुण छत्तीसगढ़ के संवाददाता द्वारा दोनों पक्षों से बात करने पर समाज के कई जिम्मेदार लोग डॉ. जहीरूद्दीन के समर्थन में सामने आए।

इस पूरे मामले में छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने भी अस्थायी समिति के कार्यों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि अंजुमन इस्लामिया कमेटी के अंतर्गत आने वाली कई वक्फ संपत्तियां, जो शहर के मुख्य क्षेत्रों में स्थित हैं, दशकों से अवैध कब्जे में थीं। पूर्व समितियों द्वारा इन्हें हटाने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया और न ही वक्फबोर्ड को इसकी जानकारी दी गई।

डॉ. सलीम राज के अनुसार, डॉ. एस. जहीरूद्दीन के नेतृत्व में गठित अस्थायी समिति ने कार्यभार संभालते ही इन संपत्तियों को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई शुरू की। परिणामस्वरूप, 70-80 वर्षों से कब्जे में रही कई महत्वपूर्ण वक्फ संपत्तियां अब मुक्त होकर संस्था के नियंत्रण में आ चुकी हैं। इससे न केवल संपत्तियों के विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है, बल्कि संस्था की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसे समाज हित और जनकल्याण के कार्यों में उपयोग किया जा सकेगा।

बताया गया कि पहली बार अंजुमन का बैंक खाता भी अस्थायी समिति द्वारा संचालित किया गया है, जिससे आय-व्यय में पारदर्शिता आई है। साथ ही, वक्फ संपत्तियों का सीमांकन, भौतिक सत्यापन और पोर्टल पर पंजीयन जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी तेजी से किए जा रहे हैं।

डॉ. एस. जहीरूद्दीन ने अपने ऊपर लगे आरोपों का खंडन करते हुए स्पष्ट किया कि कमेटी की सभी धरोहर विधिवत बैंक खाते में जमा की जा रही है और किसी प्रकार की अनियमितता नहीं है। उन्होंने कहा कि पूर्व अध्यक्षों से जुड़े मामले अभी न्यायालय में विचाराधीन हैं, ऐसे में चुनाव कराना जांच और कार्रवाई में बाधा उत्पन्न कर सकता है।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि इस समय चुनाव कराया गया, तो वक्फ संपत्तियों की रिकवरी और भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में कार्रवाई प्रभावित हो सकती है, जिससे दोषियों के खिलाफ ठोस कदम उठाना मुश्किल हो जाएगा।

डॉ. जहीरूद्दीन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधायक किरण देव सिंह और वक्फबोर्ड अध्यक्ष डॉ. सलीम राज का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि संगम दरगाह पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए राज्य शासन से 86 लाख रुपये की स्वीकृति भी मिली है, जिससे क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।

फिलहाल, अंजुमन इस्लामिया कमेटी का यह विवाद जहां एक ओर सामाजिक असंतोष को जन्म दे रहा है, वहीं दूसरी ओर अस्थायी समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों और वक्फबोर्ड के समर्थन से डॉ. एस. जहीरूद्दीन का पक्ष मजबूत स्थिति में दिखाई दे रहा है।

अवैध रेत परिवहन के लिए बनाई गई सड़क ध्वस्त की

■ नदी पर बनाई गई सड़क को तोड़क नदी का प्रवाह सामान्य किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 29 अप्रैल। जिले के भोपालपटनम तहसील में स्थित ग्राम कोण्डामौसम जो कि ग्राम पंचायत अटुकपल्ली के अंतर्गत आता है में रेत खनन हेतु नदी के प्रवाह को अवरूद्ध कर सड़क बनाने की जानकारी प्रकाश में आने के उपरांत कलेक्टर बीजापुर सबित मिश्रा के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भोपालपटनम द्वारा तहसीलदार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के साथ तत्काल मौके पर जाकर नदी के प्राकृतिक प्रवाह को सामान्य किया गया।मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत पंचायत अटुकपल्ली, तहसील भोपालपटनम के आश्रित ग्राम कोण्डामौसम के खसरा नंबर 01 कुल रकबा 71.308 हेक्टेयर में रेत से रकबा 2.023 हेक्टेयर में रेत खदान कोण्डामौसम-1 उत्खननपट्टा 08 दिसम्बर 2023 से 07 दिसम्बर 2028 तक ग्राम पंचायत अटुकपल्ली को स्वीकृत है। उक्त रेत खदान कोण्डामौसम-1 हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति 08 सितम्बर 2023 को एवं जलवायु समिति 05 सितम्बर 2023 नवीनीकरण 24 जनवरी 2025 प्राप्त है।

नियमानुसार रेत खदान संचालन हेतु सरपंच, ग्राम पंचायत अटुकपल्ली को उत्खनन कार्य अनुमति :15 जनवरी 2024 को प्रदान की गई है। स्वीकृत रेत खदान में नियमानुसार रेत उत्खनन के संबंध में जिला प्रशासन द्वारा निगरानी की जा रही है एवं स्वीकृत रेत खदान क्षेत्र के बाहर नदी में मुरूम और रेत डालकर सड़क बनाये जाने पर उक्त सड़क को जिला प्रशासन द्वारा हटाया गया है।उत्खननपट्टा के नियम/शर्तों एवं पर्यावरण स्वीकृति के विपरीत अथवा स्वीकृत क्षेत्र से बाहर रेत उत्खनन पाये जाने पर जिला प्रशासन द्वारा संबंधितों के ऊपर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

संजय मार्केट में वन्यजीव तस्करी का भंडाफोड़, 13 तोते के बच्चे बरामद, वन अमले पर हमला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर 29 अप्रैल शहर के संजय मार्केट में वन्यजीव तस्करी का बड़ा मामला सामने आया है। वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए 13 तोते के बच्चों को बरामद किया, जिन्हें अवैध रूप से बेचा जा रहा था। टीम ने मौके से पक्षियों को कब्जे में लेकर सुरक्षित किया।

कार्रवाई के दौरान स्थिति अचानक तनावपूर्ण हो गई। मौके पर मौजूद तस्करों ने वन विभाग की टीम का विरोध करते हुए हमला कर दिया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने वन अमले के साथ हाथापाई शुरू कर दी।

स्थिति उस समय और गंभीर हो गई जब तस्करों ने वन विभाग के दो अधिकारियों को पकड़कर रस्सी से बिजली के खंभे में बांध दिया और उनके साथ मारपीट की। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और सरकारी कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

घटना के बाद वन विभाग ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

कोतवाली थाना प्रभारी लीलाधर राठौर ने बताया कि रेंजर अक्षय कश्यप अपनी टीम के साथ कार्रवाई के लिए पहुंचे थे। इस दौरान विक्रम मजूमदार और मधुसूदन मजूमदार (पिता-पुत्र) ने विरोध करते हुए मारपीट की। वन विभाग की ओर से लिखित आवेदन मिलने पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

वहीं रेंजर अभिषेक कोलेंग ने बताया कि तोते के बच्चों को करीब 1000 रुपये में बेचा जा रहा था। जांच के दौरान 13 बच्चे एक कार्टून में रखे मिले। आरोपियों को साथ चलने के लिए कहने पर उन्होंने हमला कर दिया और टीम के सदस्यों को खंभे से बांधकर मारपीट की।

यह घटना वन्यजीव संरक्षण कानूनों की खुली अनदेखी को दर्शाती है। साथ ही यह भी साफ करती है कि तस्करों के हौसले कितने बुलंद हैं। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई और अधिकारियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

सिंगल यूज पॉलिथिन के खिलाफ टीम ने10 दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की

■ 61,700 रुपए जुर्माना, प्रशासन का सख्त संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर, 29 अप्रैल। सिंगल यूज पॉलिथिन के खिलाफ नगरीय प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए शहर में व्यापक अभियान चलाया। सचिव नगरीय प्रशासन के दिशा-निर्देश में मुख्य नगर पालिका अधिकारी बंशीलाल नुरुटी के नेतृत्व में टीम ने बाजार क्षेत्र में निरीक्षण कर कार्रवाई की गई।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अभियान के दौरान 10 दुकानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए सिंगल यूज पॉलिथिन का उपयोग पाए जाने पर कुल 61 हजार 700 रुपए का जुर्माना वसूला गया। इसके साथ ही संबंधित दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी गई और भविष्य में प्रतिबंधित पॉलिथिन का उपयोग न करने की सख्त हिदायत दी गई। प्रशासन ने दुकानदारों को

12 माइक्रोन से अधिक मोटाई वाले पॉलिथिन के उपयोग की सलाह देते हुए पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संदेश भी दिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सिंगल यूज पॉलिथिन पर पूर्ण प्रतिबंध लागू है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। नगरीय प्रशासन ने आम नागरिकों और व्यापारियों से अपील की है कि वे कपड़े के थैले और अन्य पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाएं, ताकि शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाया जा सके।

बस्तर में कांग्रेस विधि विभाग का विस्तार, नई नियुक्तियां घोषित

जगदलपुर 29 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी में संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से विधि विभाग में नई नियुक्तियां की गई हैं। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार एवं प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू की अनुशंसा पर यह निर्णय लिया गया। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य की सहमति से छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस विधि विभाग के प्रदेश अध्यक्ष देवा देवांगन ने अवधेश झा को विधि विभाग का प्रदेश महामंत्री एवं बस्तर संभाग प्रभारी नियुक्त किया है। वहीं विजय प्रकाश दास को बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी विधि विभाग का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। इन नियुक्तियों से बस्तर संभाग में कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। पार्टी पदाधिकारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन हित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा व्यक्त की है।

सुरक्षित दवा, बेहतर स्वास्थ्यः जिले में चला व्यापक निरीक्षण अभियान

औषधि प्रकोष्ठ सख्त, कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई भी तेज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 29 अप्रैल। सही दवा, शुद्ध आहार–यही छत्तीसगढ़ का आधार के संकल्प को जमीन पर उतारते हुए औषधि प्रकोष्ठ टीम ने जिले में व्यापक और सघन निरीक्षण अभियान चलाया। इस कार्रवाई का उद्देश्य दवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षित उपयोग, अस्पतालों में मानकों के पालन और आम जनता को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की विश्वसनीयता सुनिश्चित करना रहा।

अभियान के तहत टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित 7 प्रसाधन सामग्री दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकानों में उपलब्ध उत्पादों की गुणवत्ता, लाइसेंस संबंधी दस्तावेज, स्टॉक रजिस्टर, एक्सपायरी डेट तथा निर्धारित नियमों के पालन की बारीकी से जांच की गई। अधिकारियों ने दुकानदारों को निर्देश दिए कि वे केवल मानक और प्रमाणित

उत्पादों का ही विक्रय करें तथा उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से किसी प्रकार का समझौता न करें।

इसके साथ ही टीम ने 4 अस्पतालों का निरीक्षण कर वहां संचालित कोल्ड चैन सिस्टम और वैक्सीन के रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया। जांच के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि वैक्सीन निर्धारित तापमान पर सुरक्षित रखे जा रहे हैं, तापमान रिकॉर्ड नियमित रूप से संधारित हो रहा है तथा उपकरण सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं। टीम ने अस्पताल प्रबंधन को सख्त निर्देश दिए कि वैक्सीन की गुणवत्ता बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

निरीक्षण के दौरान अस्पतालों में कार्यरत डॉक्टरों, फार्मासिस्ट और अन्य स्टाफ को एडवर्स ड्रग रिएक्शन (ड्रक) की पहचान और रिपोर्टिंग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही एंटीबायोटिक के गलत उपयोग (मिसयूज) के खतरों को लेकर जागरूक किया गया और जिम्मेदार दवा उपयोग पर जोर दिया गया।

इसके अतिरिक्त, एक फर्म में नारकोटिक एवं GLP-1 वर्ग की दवाओं के क्रय, विक्रय एवं वितरण की गहन जांच की गई। संबंधित दस्तावेजों, स्टॉक रजिस्टर और वितरण प्रणाली का परीक्षण कर यह सुनिश्चित किया गया कि इन संवेदनशील दवाओं का उपयोग निर्धारित नियमों के अनुरूप ही हो रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं कोटपा एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई। टीम ने जिले के विभिन्न पान, किराना और डेली नीड्स दुकानों में तंबाकू विक्रय के मापदंडों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान एवं तंबाकू उपयोग से संबंधित नियमों के उल्लंघन पर कुल 26 चालान कर 4450 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा 3 औषधि प्रतिष्ठानों का भी निरीक्षण किया गया।

औषधि प्रकोष्ठ ने स्पष्ट किया कि जिले में दवा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस प्रकार के निरीक्षण अभियान लगातार जारी रहेंगे, ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता को रोका जा सके। इस दौरान सहायक औषधि नियंत्रक श्रीमती मेरी रुरुति लकड़ा, औषधि निरीक्षक आलोक कुमार मौर्य, नायब तहसीलदार गरिमा प्रधान, सहायक उप निरीक्षक मोहनलाल सिंह, आरक्षक पातीराम मांडवी एवं नंदकुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

ठेकेदार की लापरवाही से फूटी पेयजल पाइपलाइन, कई वार्डों में जलापूर्ति ठप

जगदलपुर 29 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। शहर में सड़क निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। कमिश्नर कार्यालय के पास गली में पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से नयामुंडा वार्ड सहित आसपास के कई क्षेत्रों में जलापूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। जानकारी के अनुसार, आयुक्त कार्यालय के बाजू स्थित गली में आईडीबीआई बैंक के सामने सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। इस दौरान ठेकेदार द्वारा बिना नगर निगम से पाइपलाइन की जानकारी लिए खुदाई शुरू कर दी गई, जिससे मुख्य पेयजल पाइपलाइन फूट गई। पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से सैकड़ों परिवारों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। घटना के बाद नगर निगम का जल कार्य विभाग मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य में जुट गया है। विभाग के अनुसार, पाइपलाइन को सुधारने का काम तेजी से किया जा रहा है और देर शाम तक जलापूर्ति बहाल होने की उम्मीद है। इस घटना ने ठेकेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि लापरवाही के कारण हर बार उन्हें ही परेशानी उठानी पड़ती है, जबकि जिम्मेदारों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती।

जिले में सही दवा-शुध्द आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार अभियान के तहत

जिला पंचायत सीईओ ने शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर व्यवस्था देखी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 29 अप्रैल । जिले में सही दवा, शुद्ध आहार-यही छत्तीसगढ़ का आधार अभियान के तहत खाद्य गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार निरीक्षण एवं जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में सोमवार को जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे ने रायगढ़ शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान रेलवे स्टेशन के समीप स्थित बैंकर्स मेजिक बेकरी के किचन में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, साफ-सफाई, आवश्यक दस्तावेज, दुग्ध उत्पादों एवं कुकिंग ऑयल के उपयोग का बारीकी से अवलोकन किया गया। इस दौरान पनीर का नमूना संग्रहित कर गुणवत्ता परीक्षण के लिए

राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री पठारे ने खाद्य प्रतिष्ठानों को स्वच्छता एवं सुरक्षा मानकों के पालन के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने खाद्य पदार्थों को ढककर रखने, फ्रीजर की नियमित सफाई सुनिश्चित करने, स्टेनलेस स्टील चॉपिंग बोर्ड का उपयोग करने तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया। साथ ही न्यूज पेपर के उपयोग से बचने और कुकिंग ऑयल का सीमित उपयोग करने की समझाइश भी दी। उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों को सुरक्षित, शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री एवं दवाएं उपलब्ध कराना है। इसके साथ ही स्वच्छ, पौष्टिक आहार एवं सुरक्षित दवा उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी प्राथमिकता में शामिल है।

11 मई तक जारी रहेगा अभियान

जिले में 27 अप्रैल से 11 मई 2026 तक विशेष सघन जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत नियमित निरीक्षण, नमूना परीक्षण और जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। कलेक्टर ने अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एडीएम श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो को नोडल अधिकारी तथा संयुक्त कलेक्टर श्री राकेश गोलछा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जिला एवं विकासखंड स्तर पर गठित खाद्य प्रकोष्ठ एवं औषधि प्रकोष्ठ के माध्यम से खाद्य प्रतिष्ठानों एवं मेडिकल स्टोर्स की जांच कर गुणवत्ता, स्वच्छता और निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

एक नजर

जिले में 13 नए उच्च स्तरीय पुलों की स्वीकृति

कांकेर 29 अप्रैल । सरकार द्वारा कांकेर जिले में 13 नए उच्च स्तरीय पुलों की स्वीकृति दी गई है। इन पुलों के निर्माण से लोगों को बारहमासी आवागमन की सुविधा मिलेगी। बारिश के दिनों में अब उन्हें नदी-नालों को पार करने की जोखिम नहीं लेना पड़ेगा। कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के बेचाघाट पुल भी इसमें शामिल है, नक्सली दबाव के कारण इस पुल के निर्माण नहीं हो पा रहा था, जो अब प्रगतिरत है।

लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग कांकेर के कार्यपालन अभियंता श्री राजेन्द्र सोनकर से मिली जानकारी के अनुसार कांकेर जिले में 13 नए उच्च स्तरीय पुल स्वीकृत किए गए हैं। रावघाट में मेढकी नदी पर 512 लाख 97 हजार रूपए की लागत से पुल का निर्माण किया जा रहा है। इसी प्रकार सोनपुर-नारायणपुर मार्ग में कोटरी नदी पर बेचाघाट में 1552 लाख 26 हजार रूपए की लागत से पुल का निर्माण हो रहा है। भानुप्रतापपुर से अंतागढ़ मार्ग में खंडी नदी पर 617 लाख 92 हजार रूपए की लागत से पुल निर्माण के कार्य प्रगति पर है। इसी प्रकार कांकेर-देवरी मार्ग में चिनार नदी पर 898 लाख 09 हजार रूपए की लागत से पुल निर्माण कार्य प्रगति पर है। इन उच्च स्तरीय पुलों के अलावा शासन द्वारा कांकेर जिले में अंतागढ़-बेड़मा मार्ग में निर्गुण नाला पर पुल निर्माण के लिए 382 लाख 40 हजार रूपए, चारामा के पास सिरसिदा नाला में पुल निर्माण के लिए 899 लाख 60 हजार रूपए, कोरर के पास जंजालीपारा में पुल निर्माण हेतु 422 लाख 54 हजार रूपए, संबलपुर से सिलपट मार्ग में संबलपुर नाला में पुल निर्माण के लिए 387 लाख 37 हजार रूपए, चारामा विकासखण्ड के टांहकापार में महानदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण हेतु 2806 लाख 90 हजार रूपए, इच्छापुर-घोटिया मार्ग में दूध नदी पर पुल निर्माण के लिए 653 लाख 09 हजार रूपए और ताड़ोकी में निब्रा (मेढकी) नदी पर पुल निर्माण के लिए 612 लाख 60 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। यह सभी कार्य टेंडर प्रक्रिया पर हैं। इसी प्रकार कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के छोटेबेतिया के बेलगाल में पुल निर्माण के लिए 410 लाख 38 हजार रूपए और भानुप्रतापपुर-पखांजूर मार्ग में पासंगी नाला पर पुल निर्माण के लिए 574 लाख 43 हजार रूपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इन कार्यों के लिए तकनीकी स्वीकृति प्रक्रियाधीन है।

जिला पंचायत सीईओ नंदनवार ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

महासमुंद 29 अप्रैल। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ श्री हेमंत नंदनवार ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिले के जनसामान्य की समस्याएं सुनी। सीईओ श्री नंदनवार ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। उन्होंने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में कुल 58 आवेदन प्राप्त हुए।जनदर्शन में ग्राम मुरकी महासमुंद निवासी श्री भारत राम सोनवानी ने सीमांकन रिपोर्ट प्रदान करने आवेदन सौंपा। इसी तरह ईमली भाटा महासमुंद निवासी श्रीमती मंजू साहू ने प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति हेतु, रमनटोला महासमुंद निवासी श्रीमती वर्षा साहू ने बच्चे का एडमिशन आरटीई के तहत कराने के संबंध में, ग्राम रायतुम महासमुंद निवासी श्री पंचराम मोंगरे ने भूमिहीन कृषि मजदूर न्याया योजना में त्रुटि सुधार कर लाभ दिलाने के लिए, महामाया पारा महासमुंद निवासी श्रीमती रजनी बाई दुबे ने अंत्योदय राशन कार्ड के बंद होने के संबंध में एवं ग्राम जोगीडीपा के ग्रामीणों ने जल समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन दिए। इसके अलावा दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना, अवैध अतिक्रमण, लम्बित राशि भुगतान संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सचिन भूतड़ा, श्री रवि साहू सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना पर कार्यशाला आयोजित

कांकेर 29 अप्रैल । प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के अंतर्गत जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर के सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं संबंधित हितधारक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उद्योग संचालनालय रायपुर के प्रतिनिधि द्वारा पीएम गति शक्ति पोर्टल के उपयोग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पोर्टल के माध्यम से विभाग अपनी परियोजनाओं को तैयार करने, समन्वय स्थापित करने एवं योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सहायता प्राप्त कर सकते हैं। अधिकारियों को बताया गया कि इस डिजिटल प्लेटफॉर्म पर विभिन्न प्रकार की आधारभूत संरचना एवं भूमि से संबंधित जानकारी उपलब्ध रहती है।

रायगढ़ में आरबीसी ऑनलाइन पोर्टल शुरू, आपदा पीड़ितों को मिलेगी जल्दी सहायता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 29 अप्रैल। जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित नागरिकों को त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी राहत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी 6(4)' के अंतर्गत एक आनलाइन पोर्टल विकसित किया गया है। यह पहल राज्य शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप प्रशासनिक प्रक्रियाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए सुशासन को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके तहत बाढ़, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली गिरने, आगजनी, सर्पदंश तथा पानी में डूबने जैसी घटनाओं में प्रभावित नागरिकों को अब शीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान की जा सकेगी। पूर्व में जहां राहत प्रक्रिया में अधिक समय और कागजी औपचारिकताएं बाधा बनती थीं, वहीं अब डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह पूरी प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी और समयबद्ध हो गई है।

चरणबद्ध ऑनलाइन प्रक्रिया से आवेदन से स्वीकृति तक होगा त्वरित निराकरण

इस नई प्रणाली के अंतर्गत आवेदन से लेकर सहायता राशि के वितरण तक की पूरी प्रक्रिया को व्यवस्थित और चरणबद्ध रूप में निर्धारित किया गया है। संबंधित प्रकरणों में पटवारी, स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा आवेदन और आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन पोर्टल में अपलोड किए जाएंगे। इसके बाद तहसीलदार द्वारा प्रकरणों का परीक्षण एवं सत्यापन किया जाएगा, जिससे तथ्यात्मक जानकारी की पुष्टि सुनिश्चित हो सके। सत्यापन के पश्चात प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी को भेजा जाएगा, जहां विस्तृत परीक्षण के बाद इसे कलेक्टर के समक्ष अंतिम स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। कलेक्टर की स्वीकृति मिलते ही डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से सहायता राशि सीधे हितग्राही के बैंक खाते में अंतरित कर दी जाएगी। इस सुव्यवस्थित प्रक्रिया से अनावश्यक विलंब समाप्त होगा और प्रभावित परिवारों को समय पर राहत मिल सकेगी।

डिजिटल रिकॉर्ड, बेहतर मॉनिटरिंग और विभागीय समन्वय से बढ़ेगी जवाबदेही

आरबीसी 6(4) डिजिटल राहत प्रबंधन प्रणाली के लागू होने से प्रशासनिक कार्यप्रणाली में न केवल तेजी आएगी, बल्कि पारदर्शिता और जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। कागजी प्रक्रिया में कमी आने से कार्य आसान होगा और डिजिटल रिकॉर्ड के माध्यम से सभी प्रकरणों का सुरक्षित एवं व्यवस्थित संधारण संभव होगा। साथ ही ऑनलाइन मॉनिटरिंग एवं ट्रैकिंग प्रणाली के जरिए प्रत्येक आवेदन की स्थिति पर सतत नजर रखी जा सकेगी, जिससे समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित होगा। विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होने से कार्य निष्पादन की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा। यह पहल प्रभावित नागरिकों को समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के साथ-साथ शासन के प्रति विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करेगी। जिला प्रशासन द्वारा लागू की गई यह डिजिटल व्यवस्था आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में एक आधुनिक, प्रभावी और जनहितकारी मॉडल के रूप में सामने आ रही है, जो संवेदनशील शासन की परिकल्पना को साकार करते हुए जरूरतमंदों तक राहत पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

धमतरी जिला वना खरीदी में प्रदेश में अग्रणी

धमतरी,293अप्रैल। प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के अंतर्गत संचालित प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत धमतरी जिले में चना खरीदी कार्य तेज गति से जारी है। जिले के 11 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से किसानों से समर्थन मूल्य पर चना खरीदा जा रहा है, जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित हो रहा है।उपसंचालक कृषि से प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्धारित 1 लाख क्विंटल के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 5847 किसानों से 76 हजार क्विंटल चना खरीदी की जा चुकी है, जो लक्ष्य का लगभग 76 प्रतिशत है। विशेष बात यह है कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में अब तक खरीदे गए ।

जिला चिकित्सालय में तीन दिवसीय कुष्ठ विकृति सुधार शल्यक्रिया शिविर का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 29 अप्रैल। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में कुष्ठ रोग से उत्पन्न शारीरिक विकृतियों के उपचार एवं पुनर्वास हेतु किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय रायगढ़ में 3 दिवसीय कुष्ठ विकृति सुधार शल्यक्रिया शिविर का शुभारंभ किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे ने शिविर का निरीक्षण किया तथा मरीजों से भेंट कर उनका हाल-चाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत ने बताया कि शिविर के प्रथम दिवस जिले के विभिन्न विकासखण्डों के साथ-साथ अन्य जिलों से भी पहुंचे मरीजों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण किया गया। जांच के उपरांत पात्र 24 मरीजों को शल्यक्रिया हेतु चिन्हित किया गया, जिनका रायपुर से आए विशेषज्ञ सर्जनों की टीम द्वारा चरणबद्ध तरीके से निःशुल्क ऑपरेशन किया जा रहा है। उन्होंने

बताया कि कुछ रोग से प्रभावित कई मरीजों के हाथों की उंगलियां मुड़कर पंजे जैसी टेढ़ी हो जाती हैं, जिससे उन्हें कोई वस्तु पकड़ने में कठिनाई होती है। वहीं कुछ मरीज चलते समय अपने पैर के आगे वाले हिस्से को ऊपर नहीं उठा पाते, जिससे पैर घिसटता है और गिरने का खतरा बना रहता है। ऐसे सभी मरीजों का इस शिविर में उपचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग से उत्पन्न विकृतियों से प्रभावित मरीज 29 अप्रैल तक किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय, रायगढ़ में पहुंचकर अपना पंजीयन करा सकते है। पात्र मरीजों का परीक्षण कर उन्हें भी इस शल्यक्रिया सुविधा का लाभ दिया जाएगा।

भारत सरकार के प्रिंसिपल कंसल्टेंट डॉ.के.एम.कांबले (आर.एल.टी.आर.आई., रायपुर) ने बताया कि ऑपरेशन के पश्चात मरीजों को पुनर्वास सहायता के रूप में कुल 12 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से तीन किस्तों में प्रदान की जाएगी। यह राशि ऑपरेशन के बाद मरीजों की देखभाल और पुनर्वास में सहयोग हेतु दी जाती है। इस दौरान डॉ. के. एम. कांबले के सहयोगी के रूप में जिला चिकित्सालय रायगढ़ के ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. राजकुमार गुप्ता भी सक्रिय रूप से सेवाएं दे रहे हैं। साथ ही सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. दिनेश पटेल की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में शल्यक्रिया एवं उपचार कार्य सुचारू रूप से संपादित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. अविनाश चंद्रा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैकरा, दिनेश कुमार यादव एवं मोहन प्रसाद साहू (एनएमए) सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

आयुष्मान योजना से षष्ठी देवी जायसवाल का निःशुल्क हुआ सफल सी-सेक्शन ऑपरेशन

रायगढ़, 29 अप्रैल। जिले में स्वास्थ्य योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। इसी क्रम में शासकीय मातृ एवं शिशु अस्पताल, रायगढ़ में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत एक महिला का सफल सी-सेक्शन ऑपरेशन निःशुल्क किया गया। हितग्राही षष्ठी देवी जायसवाल ने बताया कि प्रसव के दौरान ऑपरेशन की स्थिति बनने पर निजी अस्पतालों में होने वाला खर्च उनके परिवार के लिए चिंता का विषय बन गया था। ऐसे में शासकीय अस्पताल में भर्ती करवा जाने पर आयुष्मान कार्ड के माध्यम से उनका पूरा उपचार बिना किसी खर्च के संपन्न हुआ। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए बताया कि डॉक्टरों एवं स्टाफ द्वारा निरंतर देखभाल की गई। समय-समय पर स्वास्थ्य की जानकारी ली जाती रही तथा सभी आवश्यक सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं।

षष्ठी देवी ने इस सफल उपचार के बाद शासन की स्वास्थ्य योजनाओं एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना जैसी पहल से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत मिल रही है और पात्र हितग्राहियों को इसका लाभ अवश्य लेना चाहिए। जिले में शासकीय मातृ एवं शिशु अस्पताल में उपलब्ध विशेषज्ञ सेवाओं और आधुनिक सुविधाओं के चलते अब जटिल प्रसव के मामलों में भी सुरक्षित एवं निःशुल्क उपचार संभव हो रहा है। आयुष्मान भारत योजना एवं अन्य स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर लगातार बेहतर हो रहा है।

पंचायती राज दिवस पर धमतरी में ग्राम सभाओं के माध्यम से विकास और जनभागीदारी का दिया संदेश

धमतरी, 29 अप्रैल । पंचायती राज दिवस के अवसर पर धमतरी जिले में ग्राम लोकतंत्र का सशक्त और जीवंत स्वरूप देखने को मिला। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में 24 अप्रैल से जिले की सभी ग्राम पंचायतों में व्यापक स्तर पर ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इन आयोजनों ने न केवल ग्रामीण विकास की दिशा तय की, बल्कि जनभागीदारी और सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को भी मजबूत किया।

जिले के ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में आयोजित ग्राम सभाओं में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि, महिला स्व-सहायता समूह, युवा और किसान शामिल हुए। कार्यक्रमों के दौरान संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के विचारों को स्मरण करते हुए पंचायती राज व्यवस्था को लोकतंत्र की आधारशिला बताया गया। ग्राम सभाओं के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि गांवों का समग्र विकास तभी संभव है, जब स्थानीय समुदाय स्वयं निर्णय प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाए।

ग्राम सभाओं में विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई, जिनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन प्रमुख रहे। ग्रामीणों से योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु सुझाव भी प्राप्त किए गए। इससे योजनाओं में पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने की दिशा में सकारात्मक पहल हुई।

मनरेगा अंतर्गत आगामी कार्ययोजना पर विशेष जोर दिया गया। जल संरक्षण, तालाब गहरीकरण, नाला उपचार, वृक्षारोपण, चारागाह विकास और ग्रामीण संपर्क मार्गों के निर्माण जैसे कार्यों के प्रस्ताव पारित किए गए। इन पहलों से न केवल प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण होगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

डीईएएफ एवं इनऑपरेटिव खातों के निराकरण में तेजी से अब तक 6 करोड़ 86 लाख रुपए से अधिक की राशि शासन के खाते में जमा

रायगढ़, 29 अप्रैल । जिले में डीईएएफ एवं इनऑपरेटिव बैंक खातों के निराकरण को लेकर प्रशासन द्वारा प्रभावी एवं परिणामोन्मुखी कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर के निर्देश पर इस कार्य की नियमित रूप से समय-सीमा बैठकों में समीक्षा की जा रही है, जिससे कार्य में निरंतर गति बनी हुई है। इसी क्रम में आज जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रगति का विस्तृत आकलन किया गया। बैठक में लीड बैंक मैनेजर एवं वरिष्ठ कोषालय अधिकारी की अध्यक्षता में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में राज्य शासन के निर्देशानुसार डीईएएफ एवं

इनऑपरेटिव खातों को प्राथमिकता के आधार पर सक्रिय (एक्टिवेट) कराते हुए केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण करने तथा नियमानुसार खातों का निष्पादन कर शेष राशि शासन के खाते में जमा कराने के निर्देश दिए गए। जिले की प्रगति के अनुसार डीईएएफ श्रेणी के कुल 1348 खातों में 4,95,71,665 रूपये की राशि दर्ज है, जिनमें से 555 खातों को सक्रिय किया जा चुका है। इन सक्रिय खातों में 3,00,04,674 रुपए की राशि शामिल है तथा 2,81,88,102 रुपए की राशि शासन खाते में जमा की जा चुकी है। इसी प्रकार इनऑपरेटिव श्रेणी के 3560 खातों में 26,65,70,126 रुपए की राशि दर्ज है, जिनमें से 1922 खाते सक्रिय किए गए हैं। इन खातों में 13,92,89,691 रुपए की राशि है तथा 4,04,86,398 रुपए की राशि शासन खाते में जमा कराई जा चुकी है। जिला कोषालय अधिकारी श्री चंद्रपाल सिंह ठाकुर एवं लीड बैंक मैनेजर श्री कमल किशोर सिंह ने बताया कि विभिन्न बैंकों एवं आहरण-संवितरण अधिकारियों के समन्वय से जिले से अब तक कुल 6,86,74,500 रुपए की राशि शासन के खाते में जमा की जा चुकी है। शेष राशि को भी शीघ्र जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रक्रिया को और अधिक सुगम एवं त्वरित बनाने के लिए समय-समय पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे खाताधारकों का केवाईसी एवं सत्यापन कार्य तेजी से पूर्ण हो सके। बैठक में सभी बैंक प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि लंबित प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। बैठक में वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री चंद्रपाल सिंह ठाकुर, लीड बैंक मैनेजर श्री कमल किशोर सिंह, सहायक कोषालय अधिकारी श्री पुष्पेंद्र चंद्रा सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जिला पंचायत सीईओ ने सुशासन तिहार की तैयारी की समीक्षा की

महासमुंद 29 अप्रैल । कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ श्री हेमंत नंदनवार ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर जिले में संचालित शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सचिन भूतड़ा, श्री रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), विभागीय जिलाधिकारी, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सीईओ श्री हेमंत नंदनवार ने सुशासन तिहार की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सभी ब्लॉक में 01 मई 2026 को एक-एक क्लस्टर में शिविर का आयोजन किया जाएगा। सभी जनपद सीईओ को संबंधित शिविर क्षेत्र के गांवों में मुनादी कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि क्लस्टर स्तर पर शिविर के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित शिविर में सभी विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। जिसमें विभागों द्वारा शासकीय एवं विभागीय योजनाओं

की जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही विभागों से पात्र हितग्राहियों को जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में योजनाओं का लाभ वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विभागों को योजनाओं से संबंधित लाभार्थियों का अनुभव साझा करने कहा है ताकि अधिक से अधिक लोग प्रेरित हो सके। निर्देश दिए हैं। सभी विभागों को शिविरों में अधिक से अधिक मांग एवं शिकायत से संबंधित आवेदन प्राप्त कर एक माह के भीतर निराकरण करने तथा प्रत्येक आवेदक को उसके आवेदन की स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए गए। सीईओ ने सभी विभागों को एक माह से अधिक लंबित प्रकरणों का 30 अप्रैल तक प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। सभी विभागों को समन्वय के साथ क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। शासन के मंशानुरूप सुशासन तिहार में भूमि संबंधी प्रकरण जैसे नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ ही मनरेगा अंतर्गत लंबित मजदूरी भुगतान, हितग्राही मूलक योजनाओं के लंबित प्रकरण, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, बिजली एवं ट्रांसफार्मर संबंधी समस्याएं तथा हैंडपंप सुधार जैसे मुद्दों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पात्र हितग्राहियों को उज्ज्वला योजना, शगन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ दिलाने पर विशेष जोर दिया है। बैठक में सीईओ श्री नंदनवार ने सभी कार्यालयों में आधार आधारित उपस्थिति अनिवार्य करने तथा ई-फाइल प्रणाली को शत-प्रतिशत लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनगणना 2027 अंतर्गत शेष 3 दिनों में सभी अधिकारियों को ऑनलाइन लिंक के माध्यम से स्वगणना फार्म भरने तथा सभी जनपद सीईओ, ग्राम सरपंच सचिव, रोजगार सहायिका के माध्यम अधिक से अधिक लोगों को स्वगणना फॉर्म भरने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए। सीईओ ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत अप्रैल, मई एवं जून माह के चावल भंडारण की समीक्षा करते हुए भंडारण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। नान (नागरिक आपूर्ति निगम) के अधिकारी ने जानकारी दी कि 3 माह का चावल भंडारण 85 प्रतिशत किया जा चुका है, 5 दिनों के भीतर शत प्रतिशत भंडारण कर लिया जाएगा। सीईओ ने सभी राशन दुकानों में जल संरक्षण के लिए मोर गांव मोर पानी अभियान 2.0 के तहत विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने किसानों को खेतों में जल संरक्षण संरचनाएं बनाने के लिए प्रोत्साहित करने तथा प्रधानमंत्री आवासों में सोख्ता गड्ढा एवं भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना बनाने के निर्देश दिए। साथ ही इस अभियान में जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। सभी विभागों को समन्वय के साथ अभियान का क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। इसके अलावा बैठक में मुख्यमंत्री घोषणाओं, जनशिकायत, कलेक्टर जनदर्शन, पीजी पोर्टल एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्रकरणों की समीक्षा की गई। सीईओ ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 04 से 25 मई तक

कांकेर 29 अप्रैल । प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 04 से 25 मई तक सुबह 06 से 08 बजे तक एवं सायंकाल 05 से 07 बजे तक शासकीय नरहरदेव उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर के खेल मैदान एवं जिला खेल परिसर सिंगारभाट कांकेर में आयोजन किया जाएगा। प्रभारी खेल अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष जिला स्तरीय खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन में प्रशिक्षक फुटबॉल, कराटे, खो-खो, एथलेटिक्स, हैण्डबॉल, व्हालीबॉल और बैडमिंटन का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव ने सुशासन तिहार की तैयारियों की ली समीक्षा बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 29 अप्रैल। स्कूल शिक्षा एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आगामी सुशासन तिहार की तैयारियों के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा 1 मई से 10 जून 2026 तक सुशासन तिहार का आयोजन किया जाएगा, जिसके अंतर्गत प्रशासन सीधे गांव-गांव पहुंचकर आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान करेगा। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के संभावित जिले प्रवास को ध्यान में रखते हुए सभी तैयारियां व्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से की जाएं। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे टीम भावना के साथ कार्य करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, महापौर श्री मधुसूदन यादव, कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

प्रभारी मंत्री श्री यादव ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार केवल आवेदन लेने तक सीमित न रहे, बल्कि प्राप्त शिकायतों और मांगों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों का भरोसा तभी बढ़ेगा जब उन्हें वास्तविक समाधान मिलेगा। उन्होंने सभी विभागों को लक्ष्य आधारित नहीं, बल्कि परिणाम आधारित कार्य करने के लिए कहा गया। उन्होंने सभी अधिकारियों को फिल्ड में जाकर वास्तविक कार्यों की निगरानी करने के निर्देश दिए, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ सीधे जनसामान्य तक पहुंच सके। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुशासन तिहार के दौरान लगाए जाने वाले शिविरों में सभी विभागों की समन्वित उपस्थिति सुनिश्चित हो तथा संबंधित ग्रामों के सभी हितग्राहियों की सूची पहले से तैयार रखी जाए, ताकि मौके पर ही समाधान किया जा सके। उन्होंने राजस्व विभाग की समीक्षा में लंबित नामांतरण, सीमांकन एवं बंटवारा प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व से जुड़े मामलों में आम नागरिकों को अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़े, इसके लिए मैदानी स्तर पर नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रवृत्ति, कोचिंग एवं बेहतर परिणाम के लिए विशेष योजना बनाने के निर्देश दिए। साथ ही आवासीय छात्रावासों की नियमित मॉनिटरिंग, विद्यार्थियों के साथ संवाद एवं सुविधाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री श्री यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि अधूरे आवासों, भूमि संबंधी समस्याओं एवं लंबित प्रकरणों की सूची तैयार कर त्वरित समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन हितग्राहियों को स्वीकृति मिल चुकी है, उनके आवास निर्माण में किसी प्रकार की बाधा न रहे। उन्होंने राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा की। प्रभारी मंत्री ने कहा कि पात्र हितग्राहियों को समय पर राशन मिलना सुनिश्चित किया जाए।

एक नजर

निगम ने नेकी की दीवार के आसपास विशेष अभियान चलाकर स्वच्छता कायम की

रायपुर 29 अप्रैल। आज रायपुर नगर पालिक निगम जोन 7 जोन कमिश्नर श्री अरुण ध्रुव के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री आत्मानंद साहू के मार्गनिर्देशन में नगर निगम जोन 7 स्वास्थ्य विभाग की टीम के सफाई मित्रों ने जोन 7 क्षेत्र अंतर्गत राजधानी शहर रायपुर के जीईमार्ग के किनारे अनुपम गार्डन के समीप विजयन्त टैंक और पुरानी नेकी की दीवार और उसके आसपास के क्षेत्र की विशेष अभियान चलाकर कचरा एकत्र कर तत्काल उठवाकर वहाँ स्वच्छता कायम की और इस सम्बन्ध में आज नगर निगम जोन 7 स्वास्थ्य विभाग में प्राप्त स्वच्छता से सम्बंधित जनशिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया. जोन 7 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विजयन्त टैंक और पुरानी नेकी की दिवार के आसपास के क्षेत्र में दुकानदारों और नागरिकों के मध्य उक्त स्थलों को स्वच्छ बनाये रखने सहयोग देने और वहाँ कदापि कचरा ना फैलाने को लेकर जनजागरण अभियान चलाया।

नगरवासियों से लू के प्रकोप से बचने की महापौर ने की अपील

राजनांदगांव 29 अप्रैल। इस वर्ष ग्रीष्म ऋतु में अत्यधिक गर्मी पड रही है और आगे भी गर्मी बढने की संभावना है। गर्मी बढने से लू चलने की संभावना बढ जाती है। जिसे ध्यान में रखते हुये महापौर श्री मधुसूदन यादव ने नगर वासियों से लू के प्रकोप से बचने सावधानी बरतने की अपील की है। महापौर श्री यादव ने बताया कि जब वातावरण का तापमान ज्यादा हो जाता है तो लू की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसका असर बच्चों और बुजुर्गो लोगों में सर्वाधिक होता है, लेकिन हम सबको इससे बचना है और इसके लिये सार्थक उपाय करना है। उन्होंने बताया कि लू के प्रमुख लक्षण तेज बुखार आना, सिर में दर्द एंव भारीपन लगना, चक्कर आना व उल्टी होना, शरीर में दर्द होना, भूख कम लगना, अधिक प्यास लगना प्रमुख है। इसमें कई बार लोग बेहोश भी हो जाते है। उपरोक्त लक्षण दिखने पर तुरंत हमे इसका ईलाज कराना है और सावधानी बरतना है। महापौर श्री यादव ने लू के बचाव के संबंध में बताया कि लू से बचने अधिक से अधिक घर पर ही रहे, धूप में बाहर निकलने की कोशिश न करें, धूप में निकलने से पहले, सर व कानों को कपड़े से बांध लेवे, नरम मुलायम सूती कपड़े पहने, पानी अधिक मात्रा में पीये, अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस. को घोल पीये, चक्कर आने पर छायादार स्थान पर आराम करे तथा ठंडा पानी, शीतल पेय, लस्सी, मठा व फलो के रस का सेवन करे। साथ ही मौसमी फल जैसे तरबूज,ककड़ी, छाछ,लस्सी समय समय पर लेते रहे, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। उन्होंने कहा कि उल्टी, सर दर्द, बुखार की स्थिति में निकट के स्वास्थ्य केन्द्र या अस्पताल में जाकर जॉच कराये।

असामाजिक तत्वों के विरुद्ध पुलिस चौकी सुरगी ने की प्रभावी कार्रवाई

राजनांदगांव 29 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भा.पु.से.) के पर्यवेक्षण में जिले में अपराध की रोकथाम, नियंत्रण एवं कानून-शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सतत अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम भर्रेगांव एवं ग्राम भंवरमरा के ग्रामीणों द्वारा पुलिस चौकी सुरगी में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर शिकायत की गई कि– नारद सोनकर द्वारा प्रतिदिन नशा सेवन कर ग्रामीणों के साथ वाद-विवाद एवं झगड़ा किया जाता है। कन्हैया लाल उर्फ भुरू साहू द्वारा भी शराब सेवन कर ग्रामीणों के साथ विवाद एवं मारपीट की जाती है। दिनांक घटना को भी दोनों आरोपियों द्वारा नशे की हालत में ग्रामीणों के साथ विवाद कर शांति भंग की स्थिति उत्पन्न की गई। प्राप्त शिकायत पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर जांच एवं पूछताछ की गई। जांच में पाया गया कि दोनों आरोपी नशे के आदी हैं एवं लगातार ग्रामीणों के साथ विवाद कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था भंग होने तथा संज्ञेय अपराध घटित होने की प्रबल संभावना थी।

प्रधानमंत्री आवास योजना से

वाहन चालक दिग्विजय साहू का स्वयं के आवास का सपना हुआ साकार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 29 अप्रैल। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 शहरी के माध्यम से राजनांदगांव शहर में कुल 869 आवासो की स्वीकृति बी.एल.सी. (हितग्राही द्वारा स्वयं से आवास निर्माण) के तहत शासन से प्राप्त हुई है। इस स्वीकृति के विरूद्ध महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वमकर्मा के मार्गदर्शन में नगर के विभिन्न वार्डो मे 33 आवासो का निर्माण पूर्ण हो गया है तथा 434 आवास विभिन्न स्तरो पर निर्माणाधीन है।

आवास योजना का लाभ लेकर स्वयं के आवास में रहने वाले शहर के दिग्विजय साहू पेशे से ड्राइवर हैं, वो अपने घर बनाने के लिए कड़ी मेहनत,दृढ़ता और त्याग से अपनी सीमित आय में भी अपने परिवार के सुनहरे भविष्य के लिए पाई - पाई जोड़कर, स्वयं के आवास का निर्माण प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के सहयोग से किया।

पत्नी श्रीमती चन्द्रिका साहू बताती हैं, की उनके पति वाहन चलाने लम्बी यात्राओ में जा कर घर से दूर रह कर घर बनाने के लिए लगातार मेहनत करते रहे। पहले हम किराये के घर में रहते थे। हमारे तीन बच्चे हैं - बड़ा बेटा मोहित 10 वी, मझली बेटी मोहनी 07 वी तथा लतिका कक्षा दूसरी में पड़ती हैं। गाड़ी में रहने के कारन घर की पूरी जिम्मेदारी मैं अकेले ही निभाती थी। दिग्विजय ने दो वर्ष पूर्व ही अपने रहवासी वार्ड रेवाडीह में जमीन का एक छोटा सा टुकड़ा खरीदा था। उसी जमीं पर निर्माण हेतु वार्ड में लगाने वाले सुशासन शिविर में मैंने आवेदन किया था. कुछ महीने के अंतराल में आवास निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई। मेरी आधे से ज्यादा जिंदगी जैसे तैसे कच्चे किराये के घर में कट गई। गरीबी की दहलीज पर खुशी सदा शर्तो के साथ आती है पर आवास योजना की पहली खुशी थी जो बिना शर्त के घर पर आई अपने मकान में दिग्विजय साहू ने टाइल्स फर्श सुंदर कमरे व्यवस्थित किचन और नल युक्त बाथरूम बनाकर अपने सपनों को साकार किया। आज सपने के घर में रहते हुए उनका और पूरा परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना की पूरी टीम को धन्यवाद प्रदान करता है।

51 स्थानों पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं रक्तदान शिविर आयोजित

रायपुर 29 अप्रैल। पश्चिम क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत के जन्मदिन (28 अप्रैल) के अवसर पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ, जिला रायपुर द्वारा सेवा और जनकल्याण को समर्पित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर को जनसेवा के रूप में मनाते हुए जिले भर के 51 क्लीनिक / अस्पतालों में निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं परामर्श शिविर लगाए गए, जहां सैकड़ों मरीजों ने लाभ प्राप्त किया। शिविरों में मरीजों को सामान्य एवं विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण एवं विभिन्न जांचों के लिए मार्गदर्शन भी दिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कोटा स्थित खण्डेलवाल पॉली क्लिनिक में निःशुल्क परामर्श के साथ पैथोलॉजी जांच, सीटी स्कैन, ब्लड टेस्ट एवं एक्स-रे जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। इसी प्रकार श्रीराम हॉस्पिटल, डंगनिया में डॉ. अखिलेश दुबे द्वारा हड्डी एवं जोड़ों के रोगों की जांच, परामर्श एवं निःशुल्क एक्स-रे किया गया। इसके अतिरिक्त देवेंद्र नगर स्थित अपना ब्लड बैंक में चिकित्सा प्रकोष्ठ, जिला रायपुर एवं सैन समाज रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 79 लोगों ने रक्तदान कर समाज सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर रायपुर जिला संयोजक डॉ. सत्येंद्र पांडे, जिला सह-संयोजक मनोज सिंग ठाकुर और डॉ. कृष्णदास मानिकपुरी, डॉ. अखिलेश दुबे, डॉ. शैलेश खंडेलवाल, डॉ. रवि राठी, डॉ. राजू मार्कंडे, डॉ. संदीप भार्गव, डॉ. रुद्र साहू, गौरव शुक्ला, डॉ. पुण्यराज मार्कंडे एवं डॉ. आनंद शर्मा सहित अन्य चिकित्सकगण एवं पदाधिकारी के अतिरिक्त सेन समाज के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित यह सेवा कार्य समाज के प्रति समर्पण और जनकल्याण की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसकी स्थानीय नागरिकों द्वारा सराहना की गई।

शिव वर्मा का महापौर निवास विवाद पर करारा पलटवार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 29 अप्रैल। नगर निगम की राजनीति एक बार फिर गर्मा गई है। महापौर निवास को तोड़कर पेट्रोल पंप खोलने संबंधी बयान पर भाजपा के वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा ने नेता प्रतिपक्ष पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को भाजपा को सलाह देने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि जब कांग्रेस के पूर्व महापौर का कार्यकाल था तब उन्होंने ऐसी कोई सलाह नहीं दी।

नगर निगम में महापौर निवास को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। नेता प्रतिपक्ष द्वारा महापौर निवास को तोड़कर वहां पेट्रोल पंप खोलने की बात कहे जाने पर भाजपा के वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा ने कड़ा जवाब दिया है। श्री वर्मा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को भाजपा को सलाह देने से पहले अपने पुराने कार्यकाल को याद करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कार्यकाल में जब कांग्रेस के पूर्व महापौर पद पर थे तब नेता प्रतिपक्ष उनके बेहद करीबी थे लेकिन उस समय उन्होंने कभी कोई सुझाव नहीं दिया। उन्होंने कहा कि अब भाजपा की सरकार और निगम प्रशासन विकास कार्यों को

प्राथमिकता देते हुए आगे बढ़ रहा है ऐसे समय में अनर्गल बयानबाजी कर जनता को भ्रमित करने की कोशिश की जा रही है। भाजपा को क्या करना है और कैसे करना है यह पार्टी और जनप्रतिनिधि अच्छी तरह जानते हैं। श्री वर्मा ने आगे कहा कि नगर निगम की संपत्तियों और योजनाओं को लेकर कोई भी निर्णय जनता के हित और नियमानुसार लिया जाएगा। विपक्ष केवल राजनीतिक लाभ लेने के लिए बयान दे रहा है लेकिन जनता सब समझती है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि भाजपा को किसी से सीख लेने की जरूरत नहीं है। नेता प्रतिपक्ष पहले अपने दल के पिछले कार्यकाल का हिसाब दें फिर दूसरों को सलाह दें। महापौर निवास को लेकर दिए गए बयान के बाद शहर की राजनीति में हलचल बढ़ गई है। भाजपा और कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है।

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी नागरिकों की समस्याएँ

राजनांदगांव 29 अप्रैल। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का प्राथमिकता के साथ त्वरित एवं नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि आम नागरिक बड़ी उम्मीदों के साथ जनदर्शन में अपनी समस्याएँ लेकर आते हैं, उनकी शिकायतों का समाधान समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई तत्काल करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में अतिक्रमण हटाने, सीमांकन, नामांतरण, नजूल प्रकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना, राजस्व रिकॉर्ड दुरूस्ती, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

शांति भंग करने वाला संचालक गिरफ्तार

राजनांदगांव 29 अप्रैल। पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री एलेक्जेंडर किरो के पर्यवेक्षण में शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं देर रात तक अवैध रूप से दुकान संचालन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जा रही है इसी तारतम्य में दिनांक 28.04.2026 की रात्रि सेक्टर 01 एवं चेक गश्त पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस टीम ने देखा कि रतन पान पैलेश (प्यारे लाल स्कूल के सामने) देर रात तक खुला हुआ था और वहां ग्राहकों का जमावड़ा लगा था। जब दुकान संचालक से देर रात तक दुकान खोलने के संबंध में पूछताछ की गई, तो संचालक पुलिस और वहां मौजूद ग्राहकों के साथ वाद-विवाद एवं गाली-गलौज करने लगा। संचालक द्वारा अत्यधिक उग्र होकर मारपीट पर उतारू होने और क्षेत्र की लोक शांति भंग करने की प्रबल संभावना को देखते हुए पुलिस टीम ने मुस्तैदी से कार्यवाही करते हुए उसे हिरासत में लिया।

नाम परिवर्तन

मैं राजेन्द्र कुड़ियम (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) सुपुत्र नारायण कुड़ियम गांव पापनपाल तहसील बीजापुर जिला बीजापुर छत्तीसगढ़ ने अपना नाम राजेन्द्र कुड़ियम (पुराना नाम) से बदल कर राजेश कुड़ियम (नया नाम) रख लिया है।

राजेन्द्र
हस्ताक्षर
(पुराने नाम से)

नाबालिग पुत्री/पुत्र के नाम परिवर्तन के मामले में (अभिभावक/पालक द्वारा प्रमाणित)

मैं नारायण कुड़ियम (पिता का नाम) सुपुत्र पाण्डू कुड़ियम गांव/शहर पापनपाल तहसील बीजापुर जिला बीजापुर छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने नाबालिग सुपुत्र/सुपुत्री का नाम राजेन्द्र कुड़ियम (पुराना नाम) से बदलकर राजेश कुड़ियम (नया नाम) रख लिया है।

माता/पिता/पालक के हस्ताक्षर
नारायण कुड़ियम
(पिता)

चार डिब्बा सफाई प्रणाली पर बनाया जागरूक और जनगणना कार्य में अपनी एवं परिवार की पूर्ण और सही जानकारी देकर सहयोग करने की अपील की

रायपुर 29 अप्रैल। आज रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे और स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर और आयुक्त श्री विश्वदीप के आदेशानुसार और जोन 1 जोन कमिश्नर श्री अंशुल शर्मा सीनियर के मार्गनिर्देशन और नेताजी कन्हैयालाल बाजारी वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद श्री राजेश कुमार देवांगन के नेतृत्व और कार्यपालन अभियंता श्री द्रोनी कुमार पैकरा, सहायक अभियंता श्री शरद देशमुख, जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री खेमलाल देवांगन की उपस्थिति में नगर निगम जोन 1 जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री खेमलाल देवांगन ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 में दिनांक 1 अप्रैल 2026 से प्रभावशील चार डिब्बा सफाई प्रणाली से जोन 1 के वीर शिवाजी वार्ड क्रमांक 16 क्षेत्र अंतर्गत वीर शिवाजी उद्यान खमतराई, खमतराई बाजार, खमतराई चावड़ी में आमजनों और राहगीरों को जागरूक बनाया और घर पर चार डस्टबिन रखकर हरे डस्टबिन में गीला कूड़ा , नीले डस्टबिन में सूखा कूड़ा , लाल डस्टबिन में सेनेटरी कूड़ा और काले रंग के डस्टबिन में विशेष देखभाल कूड़ा को पृथक - पृथक रखकर और सफाई मित्र को सफाई वाहन में देकर रायपुर शहर को स्वच्छ राजधानी शहर बनाने भागीदारी दर्ज करने की विनम्र अपील नगर निगम जोन 1 जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने राहगीरों और आमजनों से की. जोन 1 जोन कमिश्नर श्री अंशुल शर्मा सीनियर ने अमजनों, राहगीरों, सब्जी व्यवसायियों, व्यापारियों से जनगणना 2027 हेतु दिनांक 1 मई से 31 मई 2026 तक घर - घर जाकर मकान सूचीकरण अभियान में घर पर आने वाले प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को अपनी और अपने परिवार की सही और पूर्ण जानकारी देकर उनको पूर्ण सहयोग देने की विनम्र अपील नगर निगम जोन 1 चार्ज अधिकारी जोन कमिश्नर के रूप में की।

ब्रम्हाकुमारीज समर कैंप में 1 मई से शुरू होने वाली है संस्कारों की पाठशाला

■ हर साल की तरह ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा में शुरू होने वाला है बच्चों का समर कैंप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा 29 अप्रैल। शहर में बच्चों के सर्वांगीण विकास और संस्कार निर्माण के उद्देश्य से हर वर्ष आयोजित होने वाला ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा का समर कैंप इस वर्ष भी 1 मई से प्रारंभ होने जा रहा है। संस्कारों की पाठशाला के रूप में पहचाना जाने वाला यह विशेष शिविर 1 मई से 10 मई 2026 तक प्रतिदिन सुबह 8:00 बजे से 10:30 बजे तक ज्ञान ज्योति भवन, ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा में आयोजित किया जाएगा। यह समर कैंप पूर्णतः निःशुल्क रखा गया है, जिसमें कक्षा 6वीं से 12वीं तक के सभी विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास, सकारात्मक सोच का निर्माण तथा आत्मविश्वास को बढ़ाना है। ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा की संचालिका बीके प्रियंका ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से सीधे संवाद करने का अवसर मिलेगा। इसमें सरकारी अधिकारी, विज्ञान एवं वित्त क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल होंगे, जो बच्चों को अपने अनुभवों से प्रेरित करेंगे और उनके करियर मार्गदर्शन में भी सहयोग देंगे। शिविर के दौरान योग एवं मेडिटेशन सत्र, आध्यात्मिक क्लासेस, वैल्यू-बेस्ड वर्कशॉप्स तथा अनेक रोचक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। बच्चों के लिए समूह एवं व्यक्तिगत (ग्रुप और सोलो) गतिविधियां रखी गई हैं, जिनमें वे अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे और आत्मविश्वास के साथ अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन कर सकेंगे। इस विशेष शिविर में एक और आकर्षण यह रहेगा कि विभिन्न स्कूलों से आए प्रतिभागियों के बीच से बेस्ट बॉय और बेस्ट गर्ल का चयन भी किया जाएगा, जिससे बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और उत्कृष्टता की भावना विकसित हो सके। शिविर में भावनात्मक विकास , योग एवं ध्यान , आध्यात्मिक सत्र , मूल्य आधारित कार्यशालाएं और मनोरंजक प्रतियोगिताएं शामिल रहेंगी, जिससे बच्चों का मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास सुनिश्चित हो सके। ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा द्वारा सभी तिल्दा वासियों से अपील की गई है कि वे अपने बच्चों, जो कक्षा 6वीं से 12वीं के बीच हैं, को इस संस्कारमय शिविर में अवश्य भेजें ताकि वे अपने जीवन को सकारात्मक दिशा दे सकें और एक उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)
निविदा सूचना
(प्रथम आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

एन.आई.टी.क्र. /सिस्टम टेंडर नं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत रू. (लाख में)
1	2	3
318/189719	SPECIAL REPAIR WORK IN KHAIRKHUT-TARPONGI-NINWA-KIRNA ROAD (MDR-196) IN KM 12/2 To 12/10= 1.00KM UNDER PWD SUB DN. NO. 2, RAIPUR	रू. 31.79 लाख

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि :- दिनांक 09.05.2026 समय सायं 5:30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

जी-262700416/5

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग,
रायपुर मंडल क्र.-1, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

//अंतिम सार्वजनिक सूचना//

क्रं./न.नि.भि/भ.अ./ /2026 39/37 भिलाई, दिनांक 17/4/2026

कार्यालय नगर तथा ग्राम निवेश दुर्ग के पत्र क्रमांक 2915 दिनांक 08.07.1988 के माध्यम से ग्राम जुनवानी, प.ह.नं. 56, स्मृति नगर, आंनद नगर क्षेत्र पुराना खसरा क्रमांक 99/1, 2, 4 कुल रकबा 4.87 एकड़ पर राजलक्ष्मी गृह निर्माण सहकारी समिति, शहीद भगत सिंह स्कूल के सामने तितुरीडीह दुर्ग द्वारा प्रस्तावित राजलक्ष्मी गृह निर्माण सहकारी समिति कॉलोनी हेतु आवासीय (भूखण्डीय) विकास अनुज्ञा स्वीकृत की गई थी, स्वीकृत विकास अनुज्ञा में दर्शित शर्तों तथा छत्तीसगढ़ नगरपालिका (कॉलोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण, निबंधन एवं शर्तें) नियम, 1998 के नियम 10 में दर्शित प्रावधान अनुसार होम प्लस बिल्डर्स एवं कॉलोनाइजर द्वारा कमजोर आय वर्ग (EWS) हेतु कुल योजना भूमि का 15% रकबा 0.73 एकड़ आरक्षित रखा जाना था, इसी प्रकार छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम 1984 के नियम 47 के प्रावधान अनुसार सामुदायिक खुला क्षेत्र कुल योजना क्षेत्र का 10% अर्थात 0.48 एकड़ आरक्षित रखा जाना था, जिसे उनके द्वारा अप्राधिकृत रूप से भूखण्डों का उप-विभाजन कर विक्रय किया गया है।

इस प्रकार राजलक्ष्मी गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956, छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम 1984 एवं छत्तीसगढ़ नगरपालिका (कॉलोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बंधन एवं शर्तें) नियम, 1998 सहपठित छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम तथा नगरपालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बंधन एवं शर्तें) नियम, 2013 के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है, जिस पर पूर्व में जारी नोटिस दिनांक 04.05.1989, 24.05.1989, 09.06.1989, 06.07.1989, 27.07.1989, 28.08.1989, 21.09.1989, 25.10.1989, 16.01.1990, 26.03.1990, 10.05.1990, 01.10.1990, 23.01.1990, 04.07.1991, 01.02.1992, 01.03.1993, 24.03.1994, 30.05.1996, 19.07.1999 एवं 02.12.1999 का संदर्भ देते हुए इस कार्यालय द्वारा अंतिम सूचना पत्र क्रमांक सात/दो/भ.अ./2026/1853 भिलाई दिनांक 02.01.2026 के माध्यम से अंतिम नोटिस प्रेषित किया गया था, जिसका कोई जवाब आज दिनांक तक प्राप्त नही हुआ है। नियमों के निरंतर उल्लंघन से उपरोक्त कॉलोनी, अवैध कॉलोनी की श्रेणी में है।

छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 292-एफ (2) में प्रावधान किया गया है कि 'आयुक्त, अवैध कालोनी निर्माण की भूमि का प्रबंध अधिग्रहित करने के प्रयोजन के लिये स्थानीय समाचार पत्रों में 3 बार सार्वजनिक सूचना प्रकाशित करेगा, उक्त क्रम में प्रथम सार्वजनिक सूचना क्रमांक 1129 दिनांक 20.01.2026 एवं द्वितीय सार्वजनिक सूचना क्रमांक 1355 दिनांक 05.03.2026 को प्रकाशन किया गया है। ऐसी सूचना के प्रकाशन के पश्चात् यदि किसी कॉलोनी निर्माण करने वाले या भू-खण्ड धारक से कोई आपत्ति प्राप्त होती है तो आयुक्त द्वारा उस पर विचार किया जायेगा और यदि कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो आयुक्त ऐसी भूमि का प्रबंध अधिग्रहित करेगा और उस क्षेत्र के लिये योजना बनायेगा तथा उसे ऐसी रीति तथा ऐसी शर्तों के अध्याधीन विकसित करेगा जैसे कि विहित किया जाये।'

उपरोक्त तथ्यात्मक/वैधानिक स्थितियों पर समुचित विचारोपरांत नगरपालिक निगम भिलाई द्वारा राजलक्ष्मी गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा ग्राम जुनवानी, प.ह.नं. 56, खसरा क्रमांक 99/1, 2, 4 कुल रकबा 4.87 एकड़ पर राजलक्ष्मी गृह निर्माण सहकारी समिति, शहीद भगत सिंह स्कूल के सामने तितुरीडीह दुर्ग द्वारा प्रस्तावित राजलक्ष्मी गृह निर्माण सहकारी समिति एवं उक्त भूमि का प्रबंध निगम द्वारा अधिग्रहित किये जाने का प्रस्ताव है। यदि उक्त कॉलोनी/भूमि का प्रबंध निगम द्वारा अधिग्रहित किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर इस कार्यालय में कक्ष क्रमांक 04 में स्वयं या प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

आयुक्त

एक नजर

बच्चों के लिए कार्यशाला आयोजित

रायपुर, 29 अप्रैल। इस वर्ष बच्चों की 55 दिन की लम्बी ग्रीष्मकालीन छुट्टियां आरम्भ हो गई है। बच्चों का क्वालिटी टाईम कैसे बीते, यह समय जीवन निर्माण में उपयोगी साबित हो इस हेतु जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा टीचर्स की विशेष कार्यशाला श्रंखलाबद्ध तरीके से आयोजित की जा रही है। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर ने बताया कि सहेजें विरासत के संस्कारों को थीम पर आगामी 30 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से सदर बाजार स्थित आदिश्वर जैन कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में मोटिवेशनल स्पीकर विजय चोपड़ा द्वारा टीचर्स की विशेष कार्यशाला आयोजित की गई है। कार्यशाला में टीचर्स को 6 सूत्रीय टिप्स दिए जावेंगे जिस पर आधारित होमवर्क बच्चों को दिया जा सके, और उस होमवर्क पर आधारित प्रोजेक्ट के माध्यम से बच्चे गर्मियों की छुट्टियों का जीवन निर्माण में उपयोग कर सकते हैं।

गुधेली एवं गाडामोर में विकास कार्यों का भूमिपूजन

रायपुर, 29 अप्रैल। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी द्वारा विकासखंड बेरला अंतर्गत ग्राम गुधेली एवं गाडामोर में विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत गुधेली में समरसता भवन परिसर में अहाता निर्माण कार्य हेतु 10 लाख रुपये की लागत से कार्य का भूमि पूजन किया गया। वहीं ग्राम पंचायत गाडामोर में सांस्कृतिक मंच के पास शेड निर्माण (10 लाख रुपये) एवं सीसी रोड निर्माण कार्य (ग्रौल निर्मलकर के घर से मनोज के घर तक) 10 लाख रुपये की लागत से किए जाने वाले कार्यों का भी भूमि पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर अपने संबोधन में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि क्षेत्र के समग्र एवं संतुलित विकास के लिए मूलभूत सुविधाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक है।

महिला आरक्षण बिल : विपक्षी दलों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव

रायपुर, 29 अप्रैल। जिला पंचायत बेमेतरा की सामान्य सभा की बैठक में देश के प्रधानमंत्री मा नरेंद्र मोदी लोकसभा में 33% महिला आरक्षण बिल लाया तो विपक्षी पार्टी कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के द्वारा महिला आरक्षण बिल को पास करने सहयोग नहीं करके विरोध किया गया और अपना बहुमत नहीं दिया गया और ईस विरोध के चलते महिला आरक्षण बिल पास नहीं हो पाया ॥ ईसे लेकर आज जिला पंचायत के समान्य सभा निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने जिला पंचायत के समान्य सभा मे निंदा प्रस्ताव रखा और कहां महिला सशक्तिकरण, समान भागीदारी और विकसित भारत की परिकल्पना पर विस्तार से अपने विचार रखे। बैठक को संबोधित करते हुए कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना केवल आधुनिक रेल, बेहतर सड़कें, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर या बढ़ते आर्थिक आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उससे कहीं व्यापक है।

उच्च वेतनमान पाने के लिए नहीं करना पड़ेगा पद की उपलब्धता का इंतजार

रायपुर, 29 अप्रैल। छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रशासनिक अफ़सरों के लिए उच्च वेतनमान देने की प्रक्रिया को सरल और तेज बना दिया है। अब अफ़सरों को पद की उपलब्धता का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रशासनिक अफ़सरों के लिए बड़ा फैसला लेते हुए उच्च वेतनमान देने की प्रक्रिया को आसान कर दिया है। राजपत्र में प्रकाशित नई अधिसूचना के मुताबिक अब राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को उच्च वेतनमान पाने के लिए संबंधित पद की उपलब्धता का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। यानी, पद खाली न होने की स्थिति में भी अफ़सर तय योग्यता पूरी करने के बाद अगले पे-स्केल का लाभ ले सकेंगे।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी इस संशोधन में साफ किया गया है कि सेवा नियम 2023 में बदलाव करते हुए नया प्रावधान जोड़ा गया है। इसके तहत अधिकारी जब निर्धारित सेवा अवधि और पात्रता पूरी कर लेंगे, तब उन्हें हर स्तर पर अगले उच्च वेतनमान का लाभ दिया जाएगा। पहले इस प्रक्रिया में सबसे बड़ी बाधा संबंधित पद की उपलब्धता होती थी, जिससे कई अफ़सर वर्षों तक एक ही वेतनमान में अटके रहते थे।

क्या बदला और क्यों अहम है फैसला

सरकार के इस फैसले से सीधे तौर पर राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को राहत मिलेगी। लंबे समय से यह शिकायत थी कि प्रमोशन या वेतनमान बढ़ोतरी केवल पद रिक्त होने पर ही संभव होती है, जिससे करियर ग्रोथ प्रभावित होती थी। अब इस संशोधन के बाद 'टाइम-बाउंड' तरीके से वेतनमान अपग्रेड होगा।

नई व्यवस्था में यह भी प्रावधान किया गया है कि जिन अधिकारियों को उच्च वेतनमान दिया जाएगा, उन्हें विभागीय आदेश के जरिए उपयुक्त पदनाम भी सौंपा जा सकता है। हालांकि इसके लिए अलग से समिति की अनुशंसा जरूरी नहीं होगी। यानी प्रक्रिया को सरल और तेज बनाने पर जोर दिया गया है।

प्रशासनिक सिस्टम में क्या असर पड़ेगा

विशेषज्ञ मानते हैं कि इस फैसले से अफ़सरों का मनोबल बढ़ेगा और प्रशासनिक कामकाज में स्थिरता आएगी। लंबे समय से प्रमोशन में देरी और पदों की कमी को लेकर असंतोष था। अब वेतनमान बढ़ने से वित्तीय लाभ के साथ-साथ पद की जिम्मेदारी भी तय की जा सकेगी। हालांकि, इस फैसले का वित्तीय असर सरकार पर पड़ेगा, क्योंकि बिना पद के भी वेतनमान बढ़ाना सीधे तौर पर वेतन व्यय को बढ़ाएगा। लेकिन सरकार ने संकेत दिए हैं कि प्रशासनिक दक्षता और संतुलन को देखते हुए यह कदम जरूरी था।

सीनियारिटी और सेवा अवधि का सम्मान

इस संशोधन से सरकार ने यह संदेश देने की कोशिश की है कि सेवा अवधि और अनुभव को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। अब अफ़सरों को प्रमोशन के लिए केवल पद खाली होने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा, बल्कि तय समय पर उनका वेतनमान बढ़ेगा। कुल मिलाकर, यह फैसला राज्य प्रशासनिक ढांचे में एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है, जो आने वाले समय में अन्य सेवाओं के लिए भी मॉडल बन सकता है।

चेम्बर अध्यक्ष थौरानी ने किया भाजपा प्रवेश

रायपुर, 29 अप्रैल। छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश थौरानी ने भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश कर लिया है। जिसकी जानकारी उन्होंने स्वयं अपने फेसबुक पेज पर पोस्ट करके दी है।

सतीश थौरानी ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं उनके अद्वितीय राष्ट्र निर्माणकारी कार्यों से प्रेरित होकर तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जनकल्याणकारी नीतियों एवं विकासोन्मुख दृष्टिकोण से प्रभावित होकर आज मैंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला महामंत्री गुंजन प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष अकबर अली और पप्पा दुबे मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि यह उस विचारधारा से स्वयं को जोड़ने का संकल्प है, जो राष्ट्र प्रथम के मूल मंत्र पर आधारित है, जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुँचाने का संकल्प लिए हुए है। जो संस्कृति, संस्कार और स्वाभिमान के संरक्षण के साथ-साथ आधुनिक, आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर रही है।

सीएम को आहूजा के पत्र के बाद हेलमेट को लेकर निर्देश

रायपुर, 29 अप्रैल। अपर परिवहन आयुक्त डी रविशंकर (आईपीएस) ने प्रदेश के सभी क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय तथा जिला परिवहन अधिकारियों

को पत्र प्रेषित कर स्पष्ट रूप से कहा है कि बिना हेलमेट के शोरूम से वाहन डिलीवरी करने वालों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम एवं केंद्रीय मोटरयान नियम के तहत तथा बगैर हेलमेट के वाहन संचालन करने वालों के विरुद्ध मोटरयान नियम के प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई करें. साथ ही सड़क सुरक्षा की दृष्टि से दोपहिया वाहन चलाते समय चालक व सहयात्री का हेमलेट पहनना सुनिश्चित करें। उक्त निर्देश नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा के द्वारा मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र के आधार पर दिया गया है। आहूजा ने पत्र में लिखा है कि केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा हाईवे पर यात्रा करते समय मोटर सायकल चालक व पीछे बैठक सवार को हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया है। इसका पालन नहीं करने पर दंड का प्रावधान है। आहूजा ने पत्र में मांग की है कि वाहन दुर्घटना में मृतकों की संख्या को ध्यान में रखते हुए प्रावधानों का सख्ती से पालन न करवाने वाले अधिकारियों के विरुद्ध एक कमेटी बनाकर जांच के पश्चात अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। आहूजा ने दोषी अधिकारियों को चिन्हित कर मृकदमा चलाने की भी मांग की है। गडकरी ने पूर्व में जानकारी दी थी कि सन् 2023 से 2025 तक हेलमेट नहीं लगाने के कारण सड़क दुर्घटना में बीस हजार लोगों की अकाल मृत्यु हो गई थी। ज्ञात हो कि आहूजा जनहित में हेलमेट को लेकर लगातार अभियान चला रहे हैं। वे समय-समय पर जनता से जुड़े मुद्दों को भी उठाकर सरकार का ध्यान आकर्षित कराते रहते हैं।

आवासीय खेल अकादमी में चयन के लिए ट्रायल शुरू

रायपुर, 29 अप्रैल। राज्य शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय खेल अकादमी में प्रवेश के लिए 28 अप्रैल से 1 मई तक चयन ट्रायल का आयोजन किया गया है। चयन ट्रायल के पहले दिन आज रायपुर के कोटा स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में तीरंदाजी, फुटबॉल और वेटलिफ्टिंग के खिलाड़ी शामिल हुए। इसमें छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों के तीरंदाजी में 68 बालक और 27 बालिका, फुटबॉल में 91 बालिका, वेटलिफ्टिंग में 7 बालक और 11 बालिका सहित कुल 204 खिलाड़ियों ने हिस्सेदारी की।

चयन ट्रायल के पहले दिन आज खिलाड़ियों का पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन, मेडिकल और शारीरिक दक्षता का परीक्षण किया गया। ट्रायल के दूसरे दिन 29 अप्रैल को खिलाड़ियों के खेल कौशल का परीक्षण किया जाएगा। यह चयन ट्रायल 13 वर्ष से 17 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए आयोजित है। इसमें चयनित खिलाड़ी खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय खेल परिसर में निःशुल्क प्रशिक्षण हासिल करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान अकादमी में खिलाड़ियों को निःशुल्क आवास, भोजन, शैक्षणिक व्यय, खेल परिधान, प्लेइंग किट और दुर्घटना बीमा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है।

सुरक्षित डिजिटल भुगतान के लिए एनपीसीआई के सुझाव

रायपुर, 29 अप्रैल। डिजिटल भुगतान ने भारत भर में लाखों उपयोगकर्ताओं के लिए रोजमर्रा के लेनदेन को तेज़, आसान और अधिक सुलभ बना दिया है। जैसे-जैसे यह सुविधा बढ़ रही है, उपयोगकर्ताओं के लिए जागरूक और सतर्क रहना महत्वपूर्ण है। सुरक्षित भुगतान के तरीके अपनाना आसान है और यह सुरक्षित डिजिटल अनुभव सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

सबसे पहले भुगतान करने से पहले हमेशा जांच करें यानी भुगतान करने से पहले स्क्रीन पर दिखाई देनेवाले नाम को जांच लें। सुनिश्चित करें कि वह वही व्यक्ति या व्यवसाय है जिसे आप भुगतान करना चाहते हैं। पुष्टि करने के लिए कुछ सेकंड लेना गलतियों से बचने में मदद कर सकता है।

दूसरे केवल विश्वसनीय भुगतान ऐप्स और वेबसाइटों का ही उपयोग करें, मतलब भुगतान केवल आधिकारिक और प्रसिद्ध ऐप्स या वेबसाइटों के माध्यम से ही करें। ऐसे ऐप्स डाउनलोडन करें या उनलिंक पर क्लिक न करें जो आपको अज्ञात या अविश्वसनीय लोगों द्वारा भेजे गए हों।

वेदांता पावर प्लांट हादसे पर हिमशिखर को राज्यपाल रमेन डेका ने किया तलब

रायपुर, 29 अप्रैल। वेदांता पावर प्लांट हादसे में 25 मजदूरों की मौत को राज्यपाल रमेन डेका ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने चीफ इंस्पेक्टर ऑफ फैक्ट्रीज और लेबर कमिश्नर सह श्रम सचिव आईएएस हिमशिखर गुप्ता को लोकभवन बुलाकर बात की।राज्यपाल डेका ने कारखानों में होने वाली औद्योगिक दुर्घटनाओं को रोकने और श्रमिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

राज्यपाल ने निर्देश दिए कि कारखानों में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन हो, मशीनों की नियमित जांच की जाए तथा कर्मचारियों को समय-समय पर सुरक्षा प्रशिक्षण दिया जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा व्यवस्था की लगातार मॉनिटरिंग की जाए, ताकि संभावित दुर्घटनाओं को समय रहते रोका जा सके और श्रमिकों के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण तैयार हो।

3 साल में 300 श्रमिकों की मौतें

छत्तीसगढ़ के कल-कारखानों में सुरक्षा के इंतजामों की क्या स्थिति है, तीन साल में करीब सवा तीन सौ श्रमिकों की मौतें हो गईं। मगर कारखानों की सुरक्षा की देख-रेख करने वाले विभाग औद्योगिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के किसी मुलाजिम को नोटिस तक जारी नहीं हुई। जाहिर है, वेदांता पावर प्लांट का अफ़सरों ने रेगुलर जांच की होती तो हादसे में 25 मजदूरों की जान नहीं जाती। मगर औद्योगिक स्वास्थ्य और सुरक्षा सिर्फ कारखानों से महीना वसूली का विभाग बन कर रह गया है।

महिलाओं को सम्मान देने में कांग्रेस पूरी तरह विफल : लक्ष्मी वर्मा

रायपुर, 29 अप्रैल। राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने बिलासपुर जिले में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी के गठन पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस नेतृत्व को आड़े हाथों लिया। वर्मा ने कहा कि जो पार्टी अपने संगठन के भीतर महिलाओं को तय मापदण्ड के अनुसार जगह नहीं दे सकती, वह देश और प्रदेश की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी क्या सुनिश्चित करेगी?

राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि बिलासपुर जिले के 11 ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की सूची कांग्रेस के दोहरे चरित्र का प्रमाण है। कांग्रेस ने सार्वजनिक रूप से दावा किया था कि संगठन में 30 प्रतिशत पदों पर महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, लेकिन वास्तविकता यह है कि महिलाओं को मात्र 13 प्रतिशत पदों पर ही सीमित कर दिया गया है। 341 पदाधिकारियों की सूची में केवल 43 महिलाओं को स्थान मिलना यह दर्शाता है कि कांग्रेस की कथनी और करनी में कितना बड़ा अंतर है! वर्मा ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी मंचों से महिलाओं के सशक्तीकरण की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं और 'लड़की हूँ, लड़ सकती हूँ' जैसे लुभावने नारे देते हैं; लेकिन जब संगठन में जिम्मेदारी देने की बारी आती है, तो महिलाओं को हाशिए पर धकेल दिया जाता है। जो पार्टी अपने संगठन में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण नहीं दे पा रही, वह लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के प्रति कितनी ईमानदार होगी, यह प्रदेश की जनता देख रही है। राज्यसभा सांसद वर्मा ने कहा कि यह और भी दुर्भाग्यपूर्ण है कि सूची में जिन महिलाओं को स्थान मिला है, उन्हें भी केवल कार्यकारिणी सदस्य के तौर पर ही रखा गया है, प्रभावशाली और निर्णायक भूमिका वाले पदों से महिलाओं को दूर रखकर कांग्रेस ने साबित कर दिया है कि वह महिलाओं को केवल 'वोट बैंक' समझती है, नेतृत्व का अवसर देने में उसकी कोई दिलचस्पी नहीं है। वर्मा ने कहा कि कांग्रेस का यह महिला विरोधी दृष्टिकोण छत्तीसगढ़ की माताएँ-बहनें देख रही हैं।

बयानबाजी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की पत्रकारों से चर्चा

वृद्धा और निराश्रित पेंशन तक नहीं दे पा रही सरकार

रायपुर, 29 अप्रैल। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार की वित्तीय स्थित इतनी खस्ता हो चुकी

है कि सरकार वृद्धा पेंशन और निराश्रित पेंशन की राशि जरूरतमंदों को पांच महीने से नहीं दे पा रही है। इनको मात्र 500 रु. महीने की सहायता मिलती है जिसमे से 200 केंद्र देता है 300 राज्य देता है, राज्य सरकार ने अपना 300 रु. पांच महीने से जमा नहीं किया है जिससे गरीबो को मिलने वाली यह मामूली सहायता भी नहीं मिल रहा है।

मेडिकल स्टोर में पुलिस भेजने का कांग्रेस विरोध करती है: प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार ने आदेश निकाला है कि अब मेडिकल स्टोरों की जाँच खाद और औषधि विभाग के इंस्पेक्टर के साथ पुलिस और राजस्व अमला भी करेगा। मेडिकल स्टोर में जांच के लिए पुलिस लेकर एसडीएम, तहसीलदार भी जा रहे है। सरकार के पास ऐसा क्या इनपुट मिला है जो यह कार्यवाही की जा रही यह तो आपात स्थिति में होता है कि पुलिस जांच के लिए जाए। यह निर्णय गलत है सरकार को अपने औषधि विभाग के लोगों पर भरोसा नहीं. पुलिस और राजस्व क्यों जाँच करेगा? कहीं गड़बड़ी है तो पुलिस स्वमेव जाँच कर सकती है लेकिन हर रोज पुलिस दुकान की जाँच करने पहुंचेगी तो इससे दुकानदार की परेशानी बढ़ेगी। राज्य में नकली दवा तो सरकारी अस्पतालो और मेडिकल सप्लाई कारपोरेशन के पास पकड़ा रही जांच निजी मेडिकल का करेंगे। कांग्रेस, सरकार के निर्णय का विरोध करती है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण 20 लाख मीट्रिक टन धान संग्रहण केन्द्रों में खुले मे पड़ा है। बे-मौसम बारिश से भीग रहा है। 3100 रु. प्रति क्विंटल में खरीदे गए धान का सरकार निराकरण नहीं कर पाई है। भाजपा दावा करती है डबल इंजिन की सरकार का तो केंद्र से बोल कर पूरे खरीदे गए धान से बने चावल को सेन्ट्रल पुल में दे दे, इससे राज्य को करोड़ों का नुकसान भी नहीं होगा, धान का निराकरण भी नहीं होगा। डबल इंजन की सरकार में भी प्रदेश को 3100 में खरीदा धान 2000 में नीलाम करना पड़ रहा सरकार उसको भी नहीं बेच पा रही, धान खुले में पड़ा सड़ रहा है, बाद में इसी के आधार पर पूरा धान खराब हो गया बता कर भ्रष्टाचार करेंगे। चूहों पर तोहमत लगाएंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार सुशासन त्यौहार मनाने जा रही। प्रदेश में सरकारी काम ठप्प पड़े है, अकेले तहसीलो और अनुविभागों में नामांकन, बंटवारा, फौती, नक्शा, खसरा बंटवारा के 8 लाख से अधिक प्रकरण पेंडिंग है। यदि सरकार में सुशासन होता तो लोगों का काम नियमित हो रहा होता तो त्यौहार मानाने की जरूरत क्यों पड़ती?

प्रदेश में महिलाएं सुरक्षित नहीं

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि अम्बिकापुर के सीतापुर में दो नाबालिक बच्चियों के साथ गैंगरेप की घटना हुई है। घटना 24 अप्रैल के रात की है, 4 बच्चियां शादी से आ रही थी 9 बदमाश उनको रास्तें में रोक कर गैंगरेप किया। यह बच्चियां विशेष पिछड़ी जनजाति की है। प्रदेश में महिलाओं, मासूम बच्चियों के साथ दरिंदगी की घटनायें रुक नहीं रही है। जशपुर, रायगढ़, कवर्धा, बालोद सभी जगहों पर आदिवासी बच्चियों के साथ दुराचार की घटनायें हुई है। यह घटनायें विचलित करने वाली और शर्मनाक है। प्रदेश में महिलायें सुरक्षित नहीं है, सरकार महिलाओं, बच्चियों को सुरक्षित वातावरण दे पाने में असफल साबित हो रही है।

70 करोड़ बचाने सरकार गरीब बच्चों से शिक्षा का अधिकार छीन रही : कांग्रेस

रायपुर, 29 अप्रैल। शिक्षा के अधिकार के तहत 38 हजार सीटों में भर्ती

कम करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार 70 करोड़ बचाने गरीब बच्चों से शिक्षा का अधिकार छीन रही है, ये गरीब माता-पिता के अपने बच्चे को निजी स्कूल में पढ़ाने के सपने को कुचलना है। पिछले साल निजी स्कूलों में लगभग 60 हजार बच्चों का नर्सरी, केजी वन, केजी टू एवं क्लास वन में भर्ती हुआ था। चालू शिक्षा सत्र में सरकार ने निजी स्कूलों में सिर्फ क्लास वन में ही भर्ती देने का नियम बना दिया है, इससे मात्र 22 हजार गरीब बच्चों को एडमिशन मिल पायेगा। 9वीं से 12वीं तक शिक्षा अधिकार के तहत होने वाली भर्ती को भी बंद करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। ये सरासर अन्याय है। भाजपा सरकार आखिर गरीब बच्चों को शिक्षा से दूर क्यों करना चाहती है? भाजपा सरकार का यह शिक्षा एवं गरीब विरोधी चरित्र उजागर हो गया है।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि राज्य का शिक्षा बजट लगभग 22 हजार 466 करोड़ है, उसमें से 300 करोड़ शिक्षा अधिकार के लिए है, फिर 70 करोड़ गरीब बच्चों के शिक्षा पर खर्च करने से सरकार हाथ पीछे क्यों खींच रही है? सरकार की मंशा गरीब बच्चों को नर्सरी में भर्ती देने की क्यों नही है? इसका जवाब गरीब जनता को देना चाहिए। कांग्रेस मांग करती है पूर्व की तरह शिक्षा के अधिकार के तहत गरीब बच्चों को नर्सरी, केजी वन, केजी टू एवं क्लास वन में बच्चों की भर्ती हो 60 हजार सीटों को बढ़ाकर भर्ती की जाये।

रविवि के सेवानिवृत्त कर्मचारी करेंगे सम्मान समारोह का बहिष्कार

रायपुर, 29 अप्रैल। छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय पेंशनर्स कल्याण संघ ने सर्वसम्मति से निर्णय है कि पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के बहिष्कार किया जाएगा।

गौरतलब है कि पेंशनर्स संघ द्वारा शासन के आदेशों के परिप्रेक्ष में कई बार पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति, कुल सचिव को आवेदन निवेदन करने के बाद भी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सातवें वेतनमान के आधार पर पेंशन निर्धारित करने संबंधी प्रपत्र 5 आज पर्यंत तक शासन को नहीं भेजा गया है। इसके अलावा विश्वविद्यालय स्तर के मिलने वाले लाभ जैसे अर्जित अवकाश नगदीकरण एवं सी पी एफ की राशि का भुगतान सेवानिवृत्ति होने वाले कर्मचारी को अंतिम कार्य दिवस को किया जाने का निवेदन आवेदन कई बार दे चुके हैं इसके पश्चात भी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उसके अपने वेतन से जमा किये गए अर्जित अवकाश नगदीकरण और सी पी एफकी राशि का भुगतान चार-पांच माह से लेकर 1 वर्ष से अधिक समय तक लंबित रखा गया है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26